


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -91 जबलपुर, मंगलवार 06 मई 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## पाकिस्तान से तनाव के बीच केंद्र का बड़ा फैसला 7 मई को मॉक ड्रिल का आदेश

**आखिरी बार 1971 में भारत-पाक जंग के दौरान हुआ था**



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री के निर्देश पर गृह मंत्रालय ने कुछ राज्यों जैसे जम्मू कश्मीर, पंजाब, राजस्थान जिनके बॉर्डर पाकिस्तान की सीमा के साथ लगे हुए हैं। उन्हें एक तरह से निर्देश दिया गया है कि 7 मई को एक मॉक ड्रिल करें। इस प्रकार का मार्क ड्रिल कि अगर युद्ध की स्थिति होती है तो आपको सिविल डिफेंस सिस्टम के तहत वो कौन कौन से प्रोटोकॉल हैं जो फॉलो करना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, इस मॉक ड्रिल के दौरान एयर रेड सायरन बजाने, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजना (इवैक्यूएशन प्लान) जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी।

मॉक ड्रिल में किन बातों पर फोकस

1. अगर एयर स्ट्राइक होता है तो उसका सायरन किस प्रकार से बजाया जाना चाहिए। जिससे लोगों को पहले ही सूचना मिल जाए।

2. हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए सिविल डिफेंस पर नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में क्या क्या करना है। अगर किसी को चोट लगी,

3. क्रैश ब्लैक आउट उपायों का प्रावधान

4. अगर कोई बड़े प्लांट हैं, तो उनकी सुरक्षा किस प्रकार से की जाए।

5. निकासी योजना का अद्यतनीकरण और उसका पूर्वाभ्यास

इन कदमों से साफ लग रहा है कि भारत की सरकार आतंकवाद को लेकर जीरो टालरेंस के मूड में नजर आ रही है। जिस प्रकार का बयान प्रधानमंत्री मोदी ने दिया था, उसी दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है। इसी क्रम में भारत के एक्शन के जवाब में पाकिस्तान की तरफ से कोई भी दुस्साहस होता है तो उसे उसके अंजाम तक भी पहुंचाया जाएगा। फिलहाल भारत की लड़ाई आतंकवाद को लेकर है। लेकिन पाकिस्तान उसके बाद जिस तरह का रिएक्शन देगा उससे ज्यादा और जोरदार जवाब दिया जाएगा। इसके लिए बहुत जरूरी है कि हमारे राज्यों के लोग उसी प्रकार से तैयार रहें। पाकिस्?तान से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश के 244 जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। हालांकि रविवार-सोमवार रात पंजाब के फिरोजपुर छावनी में ब्लैकआउट प्रैक्टिस की गई। इस दौरान गांवों और मोहल्लों में रात 9 बजे से 9ः30 बजे तक बिजली बंद रही।

दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। सरकार किसी भी संभावित खतरे से पहले तैयारी करना चाहती है।

### राहुल गांधी की नागरिकता का केस इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बंद किया, कहा- रिपोर्ट के इंतजार में याचिका पेंडिंग नहीं रख सकते

लखनऊ.(आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में राहुल गांधी को ब्रिटिश नागरिक बताने वाले केस को बंद कर दिया है. कोर्ट ने कहा- राहुल की नागरिकता की रिपोर्ट केंद्र सरकार पेश नहीं कर पाई. कोर्ट ने कहा- केवल रिपोर्ट के इंतजार में याचिका को लंबित नहीं रखा जा सकता. जब भी रिपोर्ट केंद्र सरकार को प्राप्त होती है, तो याचिकाकर्ता को उसकी एक प्रति उपलब्ध कराएं और उसे कोर्ट में भी प्रस्तुत करें.

केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि यह मामला दो देशों के बीच की संवेदनशील जानकारी से जुड़ा है. संबंधित देश को कई रिमाइंडर भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है, इसलिए कुछ और समय दिया जाए. कोर्ट ने कहा कि फिलहाल इस याचिका की सुनवाई पूरी की जा रही है. याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता है कि वह नागरिकता से संबंधित किसी भी अन्य फोरम या कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता है.

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किये भगवान विष्णु वराह के दर्शन



जबलपुर-(**नगर प्रतिनिधि**)।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज शाम मझौली पहुँचे और यहाँ भगवान विष्णु वराह के दर्शन किये। उन्होंने यहाँ विष्णु वराह मंदिर में पूजा अर्चना की तथा प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अजय विश्नोई भी इस अवसर पर उनके साथ थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव मंडला जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद हेलीकॉप्टर से मझौली पहुँचे थे।

मझौली स्थित खेल मैदान में बने अस्थाई हेलीपेड पर पहुँचने पर संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अजय विश्नोई, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। जिला मुख्यालय जबलपुर से लगभग 45 किलोमीटर दूर मझौली स्थित विष्णु वराह मंदिर का निर्माण 11 वीं शती में किया गया था। कालांतर में ध्वस्त हुये कल्चुरी कालीन इस मंदिर का 18 वीं शती में पुनर्निर्माण किया गया। बताया जाता है कि इस मंदिर में स्थापित भगवान विष्णु वराह की प्रतिमा विश्व की सबसे बड़ी और एकमात्र ऐसी प्रतिमा है जिसकी पूजा होती है। इस विशाल प्रतिमा को भी 11 वीं शती में मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित किया गया था।

**आधी रात तक चली फूड सेफ्टी की जांच, व्यापारियों में नाराज़गी, मंत्री की बर्खास्तगी की मांग तेज़**

## रेस्टोरेंट में टेबल नहीं मिलने पर भड़के मंत्री




ग्वालियर (आरएनएस)। ग्वालियर में रविवार रात लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल एक निजी रेस्टोरेंट में पहुंचे, लेकिन टेबल नहीं मिलने पर नाराज हो गए। उन्होंने होटल में गंदगी का आरोप लगाते हुए फूड सेफ्टी विभाग की टीम को मौके पर बुला लिया। टीम ने देर रात तक होटल किचन में जांच कर खाद्य सामग्री के सैंपल लिए।

मामला पटेल नगर स्थित 'क्वालिटी रेस्टोरेंट' का है, जहां मंत्री पटेल अपने परिवार सहित पहुंचे थे। रेस्टोरेंट में भीड़ होने के कारण उन्हें टेबल नहीं मिल सकी। स्टाफ ने उन्हें पहचान नहीं पाया और इंतजार करने को कहा। इसी बात से नाराज मंत्री ने विभागीय कार्रवाई कर डाली।

घटना के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, मीडिया प्रभारी व पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। होटल संचालक कमल अरोरा ने हाथ जोड़कर मंत्री से माफी मांगी। हालांकि, मंत्री ने इसे निरीक्षण बताया और स्टाफ पर बदतमीजी का आरोप लगाया। कांग्रेस ने इस घटना को सत्ता का दुरुपयोग बताते हुए ङ्क पर लिखा, बीजेपी के मंत्री सत्ता के नशे में चूर हैं। वहीं, ग्वालियर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने इसे तानाशाही और गुंडागर्दी बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है।होटल मालिक कमल अरोरा ने दावा किया कि मंत्री के पीएसओ और समर्थकों ने स्टाफ से बदसलूकी और धक्कामुक्की की। उन्होंने बताया कि पहले ही दो बार कॉल आ चुके थे कि मंत्री के लिए टेबल बुक रखी जाए, लेकिन स्टाफ ने कन्फ्यूजन में पूछताछ की तो मंत्री नाराज हो गए।

वही राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने दावा किया कि मैं अस्पताल और एंबुलेंस निरीक्षण के लिए ग्वालियर आया था। उसी क्रम में रेस्टोरेंट की व्यवस्था देखने गया। वहां स्टाफ ने बेहद अभद्रता की। जब मंत्री के साथ ऐसा व्यवहार हो सकता है, तो बाकी अधिकारियों के साथ क्या होता होगा? फिलहाल मामले ने तूल पकड़ लिया है।

## पाकिस्तान में मच गया हाहाकार भारत ने बगलिहार और सलाल डैम बंद कर चिनाब नदी का 90प्रति. पानी रोका, लगे 'भारत माता की जय' के नारे



नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दुनिया के कई देशों को लगा रहा है कि भारत बदले की कार्रवाई करेगा। इससे क्षेत्र में बड़ी जंग छिड़ने की आशंका भी जताई जा रही है। यही कारण है कि भारत और पाकिस्तान के हर एक्शन पर कई देशों की नजर है। यहां जानिए 5 मई 2025, सोमवार को भारत और पाकिस्तान से जुड़ी हर जरूरी खबर। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 'पानी वाला हथियार' चल दिया है। भारत ने बगलिहार और सलाल डैम बंद कर चिनाब नदी का 90त्न पानी रोक दिया है। इसके साथ ही पाकिस्तान का बूंद-बूंद पानी को तरसना तय हो गया है।

जम्मू संभाग में चिनाब नदी पर बने सभी डैम से पानी रोकने से चिनाब नदी का जलस्तर तीन फुट से भी कम रह गया है। जम्मू जिले के अखनूर में इतिहास में पहली बार लोग पैदल चिनाब नदी को पार कर रहे हैं। यहां सूखी नदी देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक भी पहुंचे हैं। लोग भारत माता की जय के नारे लगा रहे हैं। भारत ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध से पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोक दिया है और झेलम पर बनी किशनगंगा परियोजना से भी पानी के बहाव को कम करने की तैयारी कर रहा है। भारत ने सिंधु नदी से पड़ोसी देश को एक भी बूंद पानी नहीं जाने देने के अपने फैसले पर अमल किया है। नाम न बताने की शर्त पर एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि हमने बगलिहार जल विद्युत परियोजना के गेट बंद कर दिए हैं। हमने जलाशय से गाद निकालने का काम किया था और इसे फिर से भरना है। यह प्रक्रिया शनिवार को शुरू हुई। भारत की यह कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा शनिवार को सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण के कुछ ही घंटों के भीतर हुई है, जिसमें देश के सभी बंदरगाहों पर पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के डॉकिंग पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। किशनगंगा बांध, जो कि उत्तर पश्चिमी हिमालय में गुरेज घाटी में स्थित पहला मेगा हाइड्रोपावर प्लांट है, पर भी बहुत जल्द बड़े पैमाने पर रखरखाव का काम शुरू होगा और इससे नीचे की ओर बहने वाले सभी पानी को रोक दिया जाएगा। पाकिस्तान ने इन दोनों बांधों के डिजाइन पर आपत्ति जताई है। भारत ने पाकिस्तान के साथ छह दशक पुरानी सिंधु जल संधि को रोक दिया है, जो पहले से ही लंबे समय से चल रहे विवादों से तनावपूर्ण है, एक दिन पहले आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में दर्जनों पर्यटकों की हत्या कर दी थी।

### पाकिस्तान के खिलाफ होने जा रहा बड़ा एक्शन! फाइनल तैयारी के बीच पीएम ने की रक्षा सचिव के साथ बैठक



नई दिल्ली-(आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अटकलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात प्रधानमंत्री द्वारा एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है।

प्रधानमंत्री ने अब तक सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों से मुलाकात की है, क्योंकि केंद्र सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई करेगी, जिस पर 26 निर्दोष लोगों की जान लेने वाले आतंकी हमले में शामिल होने का संदेह है।

## एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं का रिजल्ट 6 मई को शाम 5 बजे होगा जारी

**सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे ऐलान, 16 लाख छात्रों को इंतजार**

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट कल यानी 6 मई को शाम 5 बजे घोषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीएम हाउस से रिजल्ट जारी करेंगे। बोर्ड ने इस संबंध में आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

इस वर्ष करीब 16 लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा में भाग लिया है। जैसे ही मुख्यमंत्री परिणाम घोषित करेंगे, छात्र एमपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकेंगे।

**फेल हुए छात्रों को दोबारा परीक्षा का मौका**


नई शिक्षा नीति (2020) के तहत इस साल एमपी बोर्ड ने बड़ा फैसला लिया है। अब मेन परीक्षा में फेल हुए छात्र जुलाई में दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। पहले केवल एक विषय में फेल छात्र ही 'रुक जाना नहीं' योजना के तहत परीक्षा दे सकते थे,

## उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में लगी भीषण आग, श्रद्धालुओं में मचा हड़कंप



उज्जैन (आरएनएस)। महाकाल मंदिर परिसर में सोमवार सुबह आग लगने से श्रद्धलुओं में हड़कंप मच गया। मंदिर के गेट नंबर 1 अवंतिका गेट के नियंत्रण कक्ष के ऊपर सोलर पैनल के कंट्रोल और बैटरी में आग लगी। यह महाकाल मंदिर की छत पर है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग से वहां सामान जलकर खाक हो गया। घटना के बाद श्रद्धालुओं को मंदिर में जाने से रोक दिया गया था। आग पर काबू पाने के बाद महाकाल मंदिर के गेट को फिर से खोल दिया गया है। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि नियंत्रण कक्ष की छत पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरी में आग लग गई थी। आग पर तत्काल काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। तत्काल फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थी। एसपी प्रदीप शर्मा और कलेक्टर रोशन सिंह भी मौक पर पहुंच गए थे। जिस जगह आग लगी वो श्रीमहाकाल महालोक के बहुत नजदीक है और यहां रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आग शार्ट सर्किट से लगी है। आग से निकलने वाला धुआं आसमान में बहुत दूर से दिखाई दे रहा था। जिस पर तत्काल काबू पा लिया गया. इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, केवल बैटरियों का ही नुकसान पहुंचा है. श्री महाकालेश्वर मंदिर के फैसिलिटी सेंटर व कंट्रोल रूम की छत पर दोपहर में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर कंट्रोलिंग सिस्टम की बैटरी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी. इस दौरान मंदिर समिति के प्रशासनिक भवन के बाहर मौजूद मंदिर समिति के कर्मचारी संतोष पाठक भी आग बुझाने छत पर पहुंचे थे. आग पर काबू पाने के लिए वहां जल रहे पाइप हटा रहे थे तभी उनके दोनों हाथ की हथेली आगे-पीछे से झुलस गई.

### तीन दिन तक बारिश का अलर्ट ग्वालियर-चंबल, मुरैना सहित 10 जिलों में बिजली गिरने की संभावना



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में सोमवार को अचानक बदले मौसम ने प्रदेशभर में तबाही मचा दी। इंदौर में सबसे तेज आंधी 111 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली, जबकि शहर में 70.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

प्रदेश के 50 से अधिक शहरों में आंधी, बारिश और कई स्थानों पर ओलावृष्टि की घटनाओं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित रही, तो कहीं शादी समारोह प्रभावित हुए। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजस्थान से लेकर उत्तर बंगाल तक द्रोणिका सक्रिय है। इसके असर से मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला। आने वाले तीन दिनों तक प्रदेश में रुक-रुक कर बारिश और तेज हवाएं चलने का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

## राहुल गांधी पर भड़के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद, हिंदू धर्म से किया बहिष्कृत, बोले- इनकी पूजा भी न कराई जाए



उत्तराखंड (आरएनएस)। उत्तराखंड में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गैर-हिंदू करार दिया है और उन्हें हिंदू धर्म से निष्कासित कर दिया है। उन्होंने यह भी मांग की है कि राहुल के हिंदू मंदिरों में प्रवेश पर देशभर में प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, उनका दावा है कि संसद में मनुस्मृति पर कांग्रेस नेता की टिप्पणी ने सनातन धर्म के समर्थकों को नाराज कर दिया है। संत ने खुलासा किया कि तीन महीने पहले राहुल गांधी से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया, ऐसा संत ने खुलासा किया।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सभी हिंदू पुजारियों से गांधी की ओर से कोई भी धार्मिक अनुष्ठान या पूजा करने से परहेज करने का आग्रह किया है, उन पर हिंदू सिद्धांतों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया है। अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने दावा किया कि अपने भाषण के दौरान राहुल ने पहले सत्ताधारी पार्टी के सदस्यों पर निशाना साधा और फिर मनुस्मृति के खिलाफ टिप्पणी की। यह हमारा धर्मग्रंथ है। सत्ताधारी पार्टी की बेंचों पर उंगली उठाते हुए गांधी ने कहा था कि यह आपकी किताब में लिखा है, जिसका मतलब है कि वह खुद को हिंदू नहीं मानते। जो व्यक्ति मनुस्मृति को अपना ग्रंथ नहीं मानता, वह हिंदू नहीं हो सकता।

### आतंकियों की कश्मीर में बड़ी साजिश नाकाम, तलाशी अभियान के दौरान 5 आईईडी बरामद

श्रीनगर. जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम हो गई है. सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुरनकोट के जंगलों में संयुक्त तलाशी अभियान चलाकर एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है. इस दौरान सुरक्षा बलों ने 5 आईईडी बरामद किए, जिनमें 3 टिफिन बॉक्स और 2 स्टील की बाल्टियों में विस्फोटक सामग्री छिपाई गई थी. इसके अलावा एक 5 लीटर का गैस सिलेंडर, दो वायरलेस सेट, एक दूरबीन, दो ऊनी टोपी और तीन काली पैंट भी बरामद हुई हैं.

## असम में कूट-कूट कर भरे हैं पाकिस्तानी समर्थक? अब तक 42 से ज्यादा लोगों की हुई गिरफ्तारी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। जहां देश में पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने की आग सुलग रही है वहीं दूसरी तरफ एक राज्य ऐसा भी है जहां की सरकार पाकिस्तान का समर्थन करने वालो की छटाई करने में लगी हैं। लोग सड़कों पर आ-आकर पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद 'भारतीय धरती पर पाकिस्तान का समर्थन करने' के आरोप में राज्य के विभिन्न हिस्सों से तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिससे अब तक असम में गिरफ्तार किए गए ऐसे लोगों की कुल संख्या 42 हो गई है। शर्मा ने रविवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बारपेटा, होजई और चिरांग जिलों से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, ''भारतीय धरती पर पाकिस्तान का बचाव करने वाले देशद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई पर ताजा जानकारी... अब तक कुल 42 देशद्रोहियों को सलाखों के पीछे भेजा गया।'' इससे पहले, विपक्षी दल 'ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट' (एआईयूडीएफ) विधायक अमीनुल इस्लाम को पहलगाम आतंकवादी हमले में पाकिस्तान और उसकी मिलीभगत का कथित रूप से बचाव करने के लिए देशद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना सिहोरा में प्रकाश उर्फछोटू दीवान चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम हरदुआ कला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिल्डिंग बनाने मिस्त्री का काम करता है उसके चाचा का लड़का नीलेश चौधरी उम्र 30 वर्ष उसके घर के सामने आया और उसके भाई नीलू चौधरी की शादी की बात को लेकर उसके साथ गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो लकड़ी से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 115( 2 ), 351( 3 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### क्लीन ट्रेन स्टेशनों का नवाचार,अब 750 स्टेशनों पर होगी ट्रेनों की एयरक्राफ्ट की तर्ज पर सफाई

# प्रदेश में 44 हजार करोड़ रुपए की रेल परियोजनाएं प्रगति पर-रेलमंत्री

### सुरक्षित व सस्ती रेल सेवाओं के लिए रेलवे संकल्पबद्ध



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल सेवाओं के विस्तार और रेलयात्रियों को बेहतर यात्री सुविधा मुहैय्या करवाने के उद्देश्य से राजस्थान में 44 हजार करोड़ रुपए की रेल परियोजनाएं प्रगति पर हैं। सोमवार को संक्षिप्त प्रवास पर गृहनगर जोधपुर पहुंचे रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप गरीबों और मध्यम वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित व सस्ती रेल सेवा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है और उसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए वैष्णव ने बताया कि आज राजस्थान में विभिन्न रेल परियोजनाओं के विकास और उनके क्रियान्वयन हेतु केंद्र सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए का बड़ा रेल बजट स्वीकृत किया है। उन्होंने बताया कि रेलवे ने विगत 10 वर्षों में 3 हजार 784 किलोमीटर रेल लाइनें है बिछाने के साथ ही विद्युतीकरण का कार्य पूरा करवाया है। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कर उनका नवीनीकरण कराया जा रहा है।

रेल मंत्री ने बताया कि प्रदेश में तेजी से रेलवे का ढांचागत विकास किया जा रहा है जिसमें 1510 फ्लाई ओवर व अंडरपास का निर्माण, पुष्कर-मेड़ता रोड नई रेल लाइन, अंबाजी से आबूरोड की कनेक्टिविटी तरंगा हिल तक, लूनी- समदड़ी-भीलड़ी रेल मार्ग का दोहरीकरण, रींगस-खाटूश्याम जी के बीच 17 किलोमीटर नई रेल लाइन, जयपुर से सवाई माधोपुर 131 किलोमीटर दोहरीकरण, अजमेर से चित्तौड़ तक 171 किलोमीटर मार्ग का दोहरीकरण, मावली-देवगढ़ मदारिया स्टेशनों के बीच गेज परिवर्तन, रास से मेड़ता तक नई रेल लाइन का निर्माण, रामगंज मंडी-भोपाल, नीमच से बड़ी सादड़ी स्टेशनों के बीच नई रेल लाइन का निर्माण सहित अनेक परियोजनाएं शामिल है।

उन्होंने बताया कि रतलाम-बांसवाड़ा-डूंगरपुर के लिए नई रेल लाइन का केंद्र सरकार से अनुमोदन लिया जाएगा तथा इसके लिए राज्य सरकार से भी कुछ मुद्दों पर बातचीत जारी है।

एयरक्राफ्ट की तर्ज पर होगी अब ट्रेनों में सफाई की व्यवस्था रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए निरंतर नवाचार करता रहा है। इसके तहत क्लीन ट्रेन स्टेशन का बड़ा विजन रेलवे ने अपनाया है। चुनिंदा क्लीन ट्रेन स्टेशन में ट्रेनों की मेजर क्लीनिंग की जा रही है और देश में अभी ऐसे 350 रेलवे स्टेशन है तथा यह संख्या बढ़ाकर अब 750 की जा रही है।

उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट पर जिस तरह से एयरक्राफ्ट की क्लीनिंग होती है वैसे ही इन स्टेशनों पर ट्रेनों की सफाई की जाएगी जो अपने आप में एक अद्भुत और नवाचार है।

ट्रेनों में 12 हजार जनरल कोच जोड़े गए

रेल मंत्री ने बताया कि कोरोना काल के बाद रेल सेवाओं को फिर से सुविधा युक्त बनाने हेतु विभिन्न ट्रेनों में 12 हजार जनरल कोच जोड़े गए हैं जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के यात्रियों की सुविधा में बहुत वृद्धि हुई है। इसके अलावा ग्रीष्मावकाश को देखते हुए यात्रियों के आवागमन की सुविधा के लिए देश भर में स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

## प्रदेश और शहर में करोड़ों के घटिया निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की बू - कांग्रेस

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग )पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि प्रदेश और शहरों में केंद्र राज्य सरकारों के अधीन हो रहे करोड़ों के घटिया निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के कारण जरा सी आंधी तूफान में जबलपुर रांझी में राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो इंडिया के अंतर्गत लगभग 26 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से बना खेल परिसर दर्शक दीर्घा शेड जरा सी हवा पानी में उड़ गई। पहले भी इसी प्रकार जबलपुर डुमना एयरपोर्ट शेड उड़ चुका है। फ्लाईओवर के निर्माण में भी दरारें भ्रष्टाचार के दर्शन करा रही हैं। जबलपुर नगर निगम के घटिया निर्माण के कारण आए दिन पानी की टंकी में लीकेज, पाइपलाइन का फूटना उनकी रिपेयरिंग को गंभीरता से ना लेना आम नागरिकों को भीषण गर्मी में पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया जा रहा है। कोष्टा ने कहा कि लोगों को प्रदेश और शहर में डिजिटल इंडिया का सपना दिखा रहे हैं हमारे मध्य प्रदेश में मेडिकल प्रवेश परीक्षा में इंदौर महानगर के पीएम श्री सेंट्रल स्कूल क्रमांक 1 में जहां पर 3ः30 बजे बिजली काटी और पेपर खत्म होने तक नहीं आई 600 परीक्षार्थियों को भीषण गर्मी में परीक्षा देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा, प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी, राजेश पटेल विजय अग्रवाल डॉ मोइन अंसारी रम्बल विश्वकर्मा मामूर गुड्डू राजा खान अशोक चौधरी पवन नामदेव रविंद्र कुशवाहा धर्मेंद्र कुशवाहा संजू ठाकुर आदि कांग्रेस नेता नेताओं ने प्रदेश शासन से मेडिकल प्रवेश परीक्षा केंद्र में हुई लापरवाही की जांच और कठोर कार्यवाही की मांग की है।

### अकाल मृत्यु

जबलपुर- थाना गोसलपुर में ग्राम धनगंवा में एक व्यक्ति द्वारा फसी लगाने की सूचना पर देसहाई माता मंदिर के पास आलोक गोलछा के खेत के पास धनगंवा पहुँची पुलिस को परमलाल कोल उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम धनगंवा ने बताया कि वह मजदूरी करता है उसके पिता जी पईया कोल उम्र 62 वर्ष डब्बा लेकर शौच करने के लिये गये थे वह घर में सो गया था उसने सोचा कि पिताजी वापस आकर सो गये होगें।

## यूको बैंक द्वारा खाते के संव्यवहार पर रोक लगाने पर जबाव तलब

जबलपुर . मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति विशाल धगट की पीठ ने यूको बैंक की देवरी खुर्द , पनागर शाखा के शाखा बैंक से खाता पर रोक लगाने वाली याचिका में जबाव तलब किया है . उल्लेखनीय है याचिकाकर्ता कीरत सिंह , पनागर , जबलपुर निवासी ने याचिका दायर करते हुए तथ्य प्रस्तुत किये कि याचिकाकर्ता किसान है और उसका यूको बैंक में खाता संचालित है . बैंक ने बिना किसी कारण से उसका बैंक खाता के संचालन पर रोक लगा दी है और बैंक को ग्राहकों के साथ संव्यवहार में मनमाना आचरण और पारदर्शित बरतनी चाहिए . याचिका कर्ता ने अभ्यावेदन देकर बैंक से कारण भि जानना चाहा किन्तु कोई कारण नहीं बताया गया . याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी , विनीत टेहेनगुरिया , शुभम पाटकर आदि ने पैरवी की .

## उपार्जन केन्द्रों से कम्प्यूटर आपरेटरों की सेवायें पृथक करने पर राज्य शासन बताये कि उपार्जन केन्द्रों में नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटरों की सेवायें उपार्जन नीति के अंतर्गत कैसे विमुक्त की जा सकती हैं ?

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति मनिंदर भट्टी की पीठ ने शासन की उपार्जन नीति के अंतर्गत उपाजर्न केन्द्रों में संलग्न कम्पुटर आपरेटरों को कलेक्टर रीवा के द्वारा उपार्जन प्रक्रिया से पृथक व प्रतिबंधित किये जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में राज्य शासन को निर्देशित किया है कि न्यायालय को इस बिंदु पर संबोधित करें कि याचिकाकर्ताओं की सेवायें जो उपार्जन केन्द्रों में कम्पुटर आपरेटर के रूप में नियुक्त हैं , क्या उनकी सेवायें याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत उपार्जन नीति के अंतर्गत विमुक्त की जा सकती हैं . उल्लेखनीय है कि रीवा जिला के विनय मिश्रा तथा अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा तथ्य प्रस्तुत किये कि उपार्जन नीति के अनुसार उपार्जन में संलग्न सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से याचिकाकर्ताओं को उपार्जन केन्द्रों में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर संविदा में संलग्न किया था किन्तु कलेक्टर रीवा के द्वारा आलोच्य आदेश के माध्यम से यह कारण इंगित करते हुए कि खरीफ विपरण वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन मनमाने ढंग से निरस्त कर दिए गए हैं तथा गेंहू उपार्जन में अनियमितता करने वाले कम्प्यूटर आपरेटर पुनः उपार्जन केन्द्रों में पदस्थ होकर उपार्जन में अनियमितता कर सकते हैं , इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है . इस कारण से याचिकाकर्ताओं को उपार्जन कार्य से पृथक किया गया है . याचिकाकर्ताओं के अनुसार उक्त आदेश केवल बेबुनियाद आंशका के आधार पर याचिकाकर्ताओं को सेवा से अलग किया है जबकि एक सामान्य शिकायत पर दोषी संस्थाओं का पता लगाने जांच लंबित है और याचिकाकर्ताओं के विरूद्ध कोई अनियमितता का आरोप नहीं है तथा आलोच्य आदेश के पूर्व याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का भी अवसर नहीं दिया गया. राज्य संविदा मामलों में मनमाना कृत्य नहीं कर सकती है. याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी , विनीत टेहेनगुरिया , शुभम पाटकर आदि ने पैरवी की .

### मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर - थाना गोरखपुर में मारपीट में घायल को उपचार हेतु लाईफ मेडिकल सिटी अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को अक्षत शर्मा उम्र 16 वर्ष निवासी त्रिवेणी स्कूल के पास हाथीताल ने बताया कि कक्षा दसवीं की पढ़ाई कर रहा है वह प्रति दिन पीटर जिम में अभ्यास करने लिये जाता है दिनांक 30-4-25 को भी गया था वह लगभग 3-30 बजे बंदरिया तिराहा पीटर जिम पहुँचा तभी जिम के नीचे जिम के टेऊनर कुलदीप भाट उसे देखते ही गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा तथा उसे जमीन पर पटक दिया फिर किसी चीज से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी

# आचार्य विजय तिवारी किसलय को अनेकांत श्री अलंकरण




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अनेकान्त एवं पाथेय के तत्वावधान में दिनांक 04 मई 2025 को कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय, जबलपुर में श्री आशुतोष तिवारी की कृति विहान (काव्य संग्रह) के विमोचन अवसर पर मंचासीन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजेन्द्र कुररिया (दुबे) कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे वरिष्ठ साहित्यकार, विशिष्ट अतिथि डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी प्राचार्य श्री जानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर, डॉ.अरुणा पाण्डे, महामहोपाध्याय हरिशंकर दुबे, श्री राजेन्द्र मिश्रा, डॉ.आराधना तिवारी, डॉ.संध्या जैन %श्रुति%, कृति विहान के रचयिता आशुतोष तिवारी व कार्यक्रम संचालक श्री राजेश पाठक %प्रवीण% द्वारा जबलपुर के वरिष्ठ साहित्य मर्मज्ञ आचार्य विजय तिवारी %किसलय% को अनेकांत श्री अलंकरण से सम्मानित किया गया।

सम्मान के क्षणों में राजेन्द्र मिश्रा, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय बागरी, नारायण तिवारी, यधोवर्धन पाठक, गंगा चरण मिश्र, डॉ. कौशल दुबे, अभिमन्यु जैन, गणेश प्यासा, सुरेश विचित्र, मनोज शुक्ल, राजीव गुप्ता, विजय अनुज, संतोष नेमा, आलोक पाठक, महेश स्थापक, द्वारका गुप्त, संजय पांडे, अजय मिश्रा, निर्मला तिवारी, सलमा जमाल, वंदना सोनी %विनम्र% आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### अमरकंटक में उत्पादित विद्युत की निकासी और पारेषण पर कोई प्रभाव नहीं - ऊर्जा मंत्री तोमर

# तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र में चार ट्रांसमिशन टॉवर क्षतिग्रस्त



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है गत दिवस तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र स्थित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 के.व्ही. अमरकंटक-सीधी तथा 220 के.व्ही. सीधी-रीवा ट्रांसमिशन सर्किट के चार टॉवर क्षतिग्रस्त हो गये। इस कारण अमरकंटक से सीधी 220 के.व्ही. सर्किट में विद्युत प्रवाह प्रभावित हुआ, लेकिन 220 के व्ही सबस्टेशन सीधी में वैकल्पिक ट्रांसमिशन सप्लाई उपलब्ध होने से क्षेत्र में इस कारण कोई विद्युत व्यवधान नहीं हुआ। साथ ही इससे अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन चचाई में उत्पादित विद्युत की निकासी एवं पारेषण पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा और अन्य सर्किट अनूपपुर एवं जबलपुर में विद्युत आपूर्ति निर्विघ्न बनी रही।72 मीटर ऊँचा टावर भी हुआ क्षतिग्रस्त- एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड़ ने बताया कि विंध्य क्षेत्र में सोन नदी के आसपास मौसम के अचानक बिगड़ने से उपरोक्त दोनों सर्किट में दो टॉवर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तथा दो अन्य टॉवर आंशिक रूप से प्रभावित हुए। इन टॉवरों में से एक 72 मीटर ऊँचाई का विशेष ट्रांसमिशन टॉवर है, जो सोन नदी क्रॉसिंग के लिए स्थापित किया गया था। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद, क्षतिग्रस्त टॉवरों की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। प्रभावित सर्किटों से विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल करने में कम से कम तीन सप्ताह का समय लग सकता है।

### शराब पीने के लिये पैसों की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर। थाना ओमती में देर रात अमित कुमार उम्र 50 वर्ष निवासी सुराही बिल्डिंग के सामने अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दूध डेयरी चलाता है अपने काम से अपने मामा अशोक के घर आदर्श नगर अपनी स्कूटी से गया था जहां से वापस अपने घर आ रहा था रात लगभग 10 बजे पर्यट तिराहा के पास रूका तभी 2 लड़के अपना मुंह कपड़े से लपेटे हुये उसकी स्कूटी के पास अपनी मोटर सायकल खड़ी कर उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया

## एयरटेल बिज़नेस ने कंपनियों के लिए 'बिज़नेस नेम डिस्प्ले' ( बीएनडी ) सेवा की शुरुआत की

**250 से अधिक कंपनियों के साथ पायलट परीक्षण सफल, कस्टमर इंगेजमेंट में दर्ज हुई उल्लेखनीय वृद्धि**

इंदौर- एयरटेल बिज़नेस ने %बिज़नेस नेम डिस्प्ले% (बीएनडी) सेवा के लॉन्च की घोषणा की है। यह सेवा उद्योग में अपनी तरह की पहली, नई तकनीक पर आधारित सुविधा है, जिसका उद्देश्य कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच होने वाले संवाद को अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाना है। इस सेवा के ज़रिए कंपनियां, अपनी आउटगोइंग कॉल्स के दौरान ग्राहकों के मोबाइल स्क्रीन पर अपना ब्रांड नाम प्रदर्शित कर सकेंगी, जिससे ग्राहकों को भरोसेमंद बिज़नेस कॉल्स और स्पैम कॉल्स के बीच आसानी से अंतर करने में मदद मिलेगी।

एयरटेल ने अपने ग्राहकों को स्पैम कॉल्स से राहत दिलाने के लिए भारत का पहला स्पैम-रोधी नेटवर्क शुरू किया है। इस पहल को देशभर में चलाए गए एक बड़े जनजागरूकता अभियान के ज़रिए ग्राहकों तक पहुंचाया गया, ताकि वे इस समस्या को बेहतर तरीके से समझ सकें और सतर्क रह सकें। इस पहल के चलते एक ओर जहां स्पैम कॉल्स को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने अनजान या स्पैम के रूप में चिन्हित कॉल्स को अनदेखा करना शुरू किया, वहीं दूसरी ओर इसका एक अनचाहा असर यह हुआ कि कई ब्रांड्स की कॉल्स भी स्पैम के तौर पर टैग हो गईं।

इस वजह से ग्राहक कई बार बैंकों, फ़ूड डिलीवरी, कूरियर सेवा या डॉक्टर की ज़रूरी अपॉइंटमेंट जैसी अहम कॉल्स मिस कर देते थे। 'बिज़नेस नेम डिस्प्ले' इस समस्या का सीधा और सुरक्षित समाधान है।

# भावी इंजीनियरों ने बनाया एग्जाम असिस्टेंट फॉर स्टुडेंट्स यात्रा मॉडल

### हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज में बेस्ट प्रोजेक्ट अवार्ड का वितरण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी और हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन (हेका) के संयुक्त तत्वावधान में बेस्ट प्रोजेक्ट अवार्ड का वितरण महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया।

इसमें इलेक्ट्रीकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी, सिविल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के प्रत्येक ब्रांच के बेस्ट प्रोजेक्ट को पुरस्कृत किया गया। प्रमुख प्रोजेक्ट में एग्जाम असिस्टेंट फॉर स्टुडेंट यात्रा, स्मार्ट ड्रेनेज एंड वाटर फिल्टरेशन मॉडल, अंडर ओवरब्रिज विथ स्मार्ट डिश, आईओटी बेस्ड होम आटोमेशन, फूड ऑर्डेनिंग सिस्टम, ईवी चार्जिंग एंड स्लॉट बुकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रीकल व्हीकल चार्जिंग सिस्टम आदि थे। ज्ञात हो कि सृजन राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा भी महाविद्यालय के दो प्रोजेक्ट का चयन किया गया है। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के शासी निकाय सदस्य नमन अग्रवाल रहे। इस दौरान रेडहेट डेडिकेटेड लैब का भी उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को रियल लाइफ प्रॉब्लम्स एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिकी बेस्ड प्रोजेक्ट पर कार्य को आगे विकसित करने के लिए प्रोत्साहन देना है। इस दौरान वित्त नियंत्रक और रजिस्ट्रार सतीश रांका, प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया, उप रजिस्ट्रार पूजा दुबे, इलेक्ट्रीकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष प्रदीप खन्ना, मैकेनिकल विभागाध्यक्ष एमके चौधरी, कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष सरिता पटेल, इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी विभागाध्यक्ष अमित कुररिया, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष गौरव भंडारी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभागाध्यक्ष राजा नामदेव, बजेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।

### जस्सा सिंह रामगढ़िया जयंती पर प्रेमनगर गुरुद्वारा में हुए आयोजन

# लाल किले पर फहरा दिया था निशान साहिब





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर सिख रामगढ़िया एसोसिएशन के तत्वावधान में आज, मुगलकाल में दिल्ली फतह करने वाले महान सिख योद्धा जरनैल महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया की 302 वीं शताब्दी जयंती उमंग और उल्लास के साथ मनाई गई। यहां भव्य कीर्तन समागम में रागी जत्था भाई बलजीत सिंह, रामगढ़िया वूमन सेल एवं रागी जत्था भाई सुमीत सिंह ने वीरोचित गुरुवाणी शबद गायन कर गुरु स्तुति की। कथाकार ज्ञानी गुरमीत सिंह, यू एस ए, ने बताया कि परम शूरवीर महाराणा जस्सा सिंह ने मुगल काल में भारी सिख सेना के साथ ईसवी 1783 में दिल्ली फतह की और लाल किले पर विजयी पताका के रूप में निशान साहिब लहरा कर नव इतिहास रच दिया। मुगलों के साथ ही उन्होंने आक्रमणकारी अफगानों के हमलों से भी भारतवर्ष की रक्षा की। इसमें हजारों सिख योद्धाओं की शहादत हुई। कार्यक्रम का संचालन रणजीत सिंह भामरा ने तथा आभार प्रदर्शन अध्यक्ष सरबजीत सिंह रील ने किया। पश्चात गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। अध्यक्ष सरबजीत सिंह रील उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह भोमराह ,सुखविंदर सिंह रील्ह,गुरमिंदर सिंह नंद्रा, सचिव गुरमीत सिंह वीरू बाबराह,सहसचिव हरजोत सिंह साहिब,कोषाध्यक्ष-रणधीर सिंह बहाडा सह कोषाध्यक्ष- हरजीत सिंह नंद्रा , कुलदीप सिंह बंसल,रवींद्र सिंह रील,माननिंदर सिंह मुक्कर,तेजवंत सिंह रील मोहिन्दरपाल सिंह विल्खू, महिंदर सिंह भूल्लर,बॉबी भूल्लर,हरप्रीत सिंह विर्क ,अमरजीत सिंह मीठू,मनजीत सिंह बच्चू, अमरजीत सिंह धंजल,जगमीत खनुजा,अमन नंद्रा , हरमीत सिंग धंजल गुरुद्वारा प्रेमनगर प्रबंधक कमेटी का भी पूर्ण सहयोग रहा.।



भोपाल -नल-जल योजना के काम समय-सीमा में नहीं होने पर निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सरपंच, ग्रामवासी और निर्माण एजेंसी का सहयोग, समन्वय कर कार्य कराए। साथ ही नल-जल योजना की सामग्री चोरी और क्षतिग्रस्त होने पर एफआईआर की कार्रवाई करें। कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों का रेस्टोरेशन गुणवत्ता के साथ करें।

न्याय पाना सबका अधिकार, इसकी सहज उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है सरकार-राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है आगे -जस्टिस श्री सूर्य कांत

# नये कानूनों से न्यायालयीन प्रणाली और लोकतंत्र हुआ है समृद्ध -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## करूणा, विवेक और न्याय से भव्य भवन की आत्मा होगी जागृत -जस्टिस श्री माहेश्वरी



मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तियों के साथ रीवा में किया न्यायालय भवन का लोकार्पण

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का कानूनी अधिकार है। वादी को समय पर न्याय दिलाना ही सम्पूर्ण न्याय प्रणाली का एकमात्र लक्ष्य है। न्याय पाने के अधिकार की सुरक्षा करते हुए हमारी सरकार प्रदेश के हर नागरिक को सहज और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय पर न्याय दिलाना एक समाजिक सूत्र है, जिसे हम सभी को अपने-अपने दायरे में पूरी शिद्दत से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रियासत काल से ही रीवा क्षेत्र न्याय व्यवस्था की दृष्टि से हमेशा अग्रणी रहा है। इस दिशा में रीवा में आज एक और नए युग का सूत्रपात हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रीवा में नवनिर्मित जिला न्यायालय कॉम्पलेक्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस नवनिर्मित भवन को न्याय का मंदिर बताते हुए विश्वास जताया कि इस भवन में आने वाला हर व्यक्ति सहज, सुलभ और पूर्ण न्याय प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि सच्चे अर्थों में सम्राट विक्रमादित्य ने ही देश में एक सशक्त न्याय प्रणाली की आधारशिला रखी थी और आज भी उनकी वही समृद्ध परम्परा निर्बाध गति से प्रवाहमान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले डेढ़-दो सालों में ही न्यायालयीन व्यवस्था की बेहतरी के लिए प्रदेश में 30 से अधिक छोटे-बड़े न्यायालय भवनों का लोकार्पण किया गया है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार न्याय पाने के इच्छुक हर व्यक्ति के लिए जिला न्यायालय में एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायिक प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए नये कानून बनाए। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा बीते कुछ सालों में दिए गए प्रमुख निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि इन निर्णयों से सबके दिलों में देश की न्याय व्यवस्था के प्रति श्रद्धा और बढ़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश की न्यायपालिका ने एक अहम निर्णय लेते हुए अब न्याय की देवी की काली पट्टी खोल दी है, ताकि न्याय की देवी खुली आंखों से सबको न्याय दे सके, यह एक अभूतपूर्व पहल है। न्यायशीलता और न्यायप्रणाली के प्रति अगाध श्रद्धा हम भारतीयों की पहचान है। खुद के साथ-साथ दूसरों के अधिकारों की संरक्षा भी संस्कृति है। इस संस्कृति को हम सबको मिलकर और आगे लेकर जाना है। उन्होंने सर्वसुविधायुक्त नये न्यायालय भवन के लिए रीवावासियों को बधाई देते हुए कहा कि सबके अधिकारों और हितों की रक्षा में यह भवन न्याय के प्रति आस्था का केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा में न्याय की गौरवशाली परंपरा रही है। भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के 11 वर्ष रीवा राज्य के चित्रकूट में बिताकर इस धरती को धन्य किया है। उनकी प्रेरणा से ही राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने का बल मिला है।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश श्री सूर्य कांत ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार के सक्रिय सहयोग से 30 नवीन न्यायालय भवनों की सौगात मिली है। रीवा के नवीन न्यायालय भवन में न्यायालयीन प्रणाली से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताएं पूरी हो जाएंगी। नवीन भवन में मानवीय मूल्यों की स्थापना हो और कारगर न्यायप्रणाली से निष्पक्ष न्याय मिले। देश की प्रगति के लिए मजबूत न्याय प्रणाली का होना आवश्यक है।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश श्री जे.के. माहेश्वरी ने कहा कि रीवा में राजा विश्वनाथ सिंह ने वर्षों पहले दो न्यायालयों का गठन किया था। मेताक्षरा न्यायालय में हिन्दू धर्म की परंपराओं के अनुसार तथा धर्मसभा में धार्मिक आधार पर न्याय किया जाता था। नवीन न्यायालय भवन बघेली स्थापत्य और आधुनिकता का अनूठा संगम है। इस भवन में जब करूणा, विवेक और न्याय होगा तभी इसकी आत्मा जागृत होगी।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश श्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि रीवा में विधि का इतिहास बहुत महत्वपूर्ण है। इसी माटी से निकलकर श्री जी.पी. सिंह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तथा जस्टिस जे.एस. वर्मा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने। यहाँ के कई जज और अधिवक्ता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर रहे हैं।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार कैत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से प्रदेश को 30 नये भवन मिले हैं। रीवा के भव्य न्यायालय भवन में 40 कोर्ट और 750 वकीलों के बैठने की व्यवस्था है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में प्रकरण अधिक हैं लेकिन जजों की संख्या कम है। प्रकरणों के निराकरण के लिए हाईकोर्ट में 32 नये जजों की नियुक्ति की जाना आवश्यक है।

जिला न्यायालय भवन की सौगात खुशी और गौरव लेकर आई - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के लिए नवीन जिला न्यायालय भवन की सौगात खुशी और गौरव लेकर आई है। रीवा ही नहीं पूरा विन्ध्य तेजी से विकास कर रहा है। यहाँ 40 मिलियन टन सीमेंट और 15 हजार मेगावाट बिजली के उत्पादन सहित अत्यधिक मात्रा में कोयले का भी उत्पादन होता है।

## कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री जायसवाल ने की सीधी जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

भोपाल (आरएनएस) कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बसाहटों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री जायसवाल ने हैण्डपम्पों के संधारण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन गांवों में गंभीर जल संकट है वहां हैण्डपंप खनन की कार्यवाही भी की जाए। मंत्री श्री जायसवाल ने निर्माण एजेन्सियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में समय-सीमा और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार से समझौता नहीं होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 में जिले की 250 जनसंख्या वाली सभी बसाहटों को जोड़ने के निर्देश दिए। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि जिले के सभी मार्गों के मरम्मतीकरण का कार्य जून माह तक पूर्ण कर लें। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी तथा विद्युतीकरण के कार्य प्राथमिकता से करें।

भवन स्वामी दण्ड से बचने के लिये 31 दिसम्बर के पूर्व फायर प्लॉन प्रस्तुत करें-नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने जारी किये निर्देश

## नगरीय विकास मंत्री ने भवनों की सुरक्षा के लिये निकाय अधिकारियों को दिये निर्देश

भोपाल-(आरएनएस) नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदेश में निश्चित ऊँचाई से बड़े भवनों में अग्नि दुर्घटना से बचाव के इंतजामों का निरीक्षण करने और नियमों की अनदेखी करने वाले भवनों को चिन्हित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से इस कार्य को प्राथमिकता दिये जाने के लिये कहा है। प्रदेश में फायर सेफ्टी प्रमाण-पत्र प्राप्त किये जाने के संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देश के अनुसार भवन स्वामी अब 31 दिसम्बर, 2025 तक फायर प्लॉन प्रस्तुत कर संबंधित अग्निशमन प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर सकेंगे। नियत तिथि के बाद फायर प्लॉन प्रस्तुत नहीं करने वाले भवन स्वामियों के विरुद्ध दण्ड के अधिरोपण की कार्रवाई नियत नियम के अनुसार की जायेगी। निर्देशों में कहा गया है कि फायर सेफ्टी प्लॉन के कण्डिका क्रमांक-2 में उल्लेखित भवन, जो कि पूर्व से निर्मित हैं, उन्हें 2 माह के भीतर एनबीसी से निर्धारित मानक अनुसार फायर प्लॉन तैयार कर अनुमोदन के लिये अग्निशमन प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। निर्देश में यह भी बताया गया है कि अग्निशमन अधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्ति के एक माह के भीतर फायर प्लॉन का अनुमोदन किया जायेगा। कण्डिका में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 2 माह की समयावधि के भीतर यदि भवन स्वामी फायर प्लॉन तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं करता है, तो विलंब शुल्क के साथ 500 रुपये प्रतिदिन की दर से और एक वर्ष के बाद एक हजार रुपये प्रतिदिन की दर पर दण्ड शुल्क देय होगा। राज्य शासन ने नगर निगमों के लिये आयुक्त नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद और नगर परिषद के लिये संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले प्रकरणों के लिये जिला कलेक्टर और छावनी परिषद क्षेत्र जबलपुर, महू, मुरार, पचमढ़ी और सागर के लिये अधिशासी अधिकारी को अग्निशमन प्राधिकारी घोषित किया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जिन भवनों के लिये फायर सेफ्टी प्लॉन के प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है, उनमें 15 मीटर से ऊँचे समस्त भवन, एक तल पर 500 रू२ से अधिक निर्मित क्षेत्रफल वाले समस्त भवन (आवासीय एवं धार्मिक और सामुदायिक भवनों को छोड़कर) शामिल किये गये हैं।

## स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों को समय सीमा में करें पूर्ण -राज्य मंत्री पटेल

भोपाल -(आरएनएस) लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने ग्वालियर में फूड एण्ड ड्रग टेस्टिंग लैब सहित स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री पटेल ने हाउसिंग बोर्ड के सिविल इंजीनियरों एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों को निर्देशित किया कि वे निर्माण कार्य में तेजी लाएं और तय समय-सीमा में कार्य पूरा करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव को कार्य की नियमित निगरानी करने तथा इसे प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव, डीएचओ-2 डॉ. प्रबल प्रताप सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर कु. अनुभूति शर्मा, फूड ऑफिसर श्री लोकेन्द्र सिंह, एम.पी. हाउसिंग बोर्ड से ई.ई. श्री दास गुप्ता, श्रीमती नीरू राजपूत, श्री बसंत यादव, एसडीओ श्री रतन काकवानी, श्री शुभम गुप्ता तथा भोपाल से फूड एण्ड ड्रग टेस्टिंग लैब के प्रभारी श्री राकेश जैन भी मौजूद रहे।

## पाठ्य पुस्तक निगम की त्रुटिहीन पुस्तकें 15 जून तक विद्यार्थियों तक पहुंचे-स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह

त्रुटिपूर्ण पुस्तकें छापने वाले मुद्रक से वसूली जायेगी पूरी राशि

भोपाल -(आरएनएस) स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने पाठ्यपुस्तक निगम की त्रुटिपूर्ण पुस्तकों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि आगामी 15 जून तक त्रुटि को दुरूस्त कर त्रुटिरहित सही पुस्तकें विद्यार्थियों तक पहुंच जाये, यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। स्कूल शिक्षा मंत्री ने निगम के अधिकारियों से कहा है कि त्रुटिपूर्ण पुस्तकें छापने वाले मुद्रक से मुद्रण में लगे कागज, मुद्रण और परिवहन खर्च समेत सभी राशि दोषी मुद्रक से वसूल की जाये।

बैठक में बताया गया कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिये गणित की कक्षा 10 की लगभग 3.30 लाख पुस्तकों के मुद्रण का कार्य निर्धारित प्रकिया को पूरा करके संबंधित मुद्रक को आवंटित किया गया था। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार मुद्रक द्वारा नमूना किताब मुद्रित कर निगम को दी गई थी। इसका परीक्षण करने पर इस नमूना किताब को त्रुटिहीन एवं ठीक पाया गया था, जिसके आधार पर मुद्रक को मुद्रण प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये थे। मुद्रक द्वारा प्रदाय की गई पुस्तकों के बंडल से पुस्तकों के नमूनों की निगम के जाँच दल द्वारा त्रुटि पाई गई। त्रुटि मिलने पर तत्काल पुस्तकों का प्रदाय रोका गया, मुद्रक को नोटिस जारी किया गया और मुद्रक के समस्त भुगतान रोके गये। इस कार्रवाई के बाद मुद्रक ने लिखित में स्वीकार किया कि उक्त त्रुटि उनके सॉफ्टवेयर में आई खराबी के कारण हुई है।

पाठ्य पुस्तक निगम और राज्य शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों की समिति ने परीक्षण कर मुद्रक के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की। इस अनुशंसा के बाद पाठ्य पुस्तक निगम प्रबंधन ने निर्णय लिया कि अनुबंध अनुसार संपूर्ण त्रुटिपूर्ण पुस्तकों के स्थान पर मुद्रक नयी त्रुटिहीन पुस्तकें मुद्रित कर पाठ्य पुस्तक निगम को प्रदाय करेगा। पुस्तकों के पुन- मुद्रण में कागज, मुद्रण एवं परिवहन का पूरा खर्च मुद्रक से वसूला जायेगा। पाठ्य पुस्तक निगम स्कूल शिक्षा विभाग स्तर से नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की गई है।

फिल्म का प्री और पोस्ट प्रोडक्शन भी एमपी में ही पूरा करें -अपर मुख्य सचिव दुबे

## मुंबई को रन फॉर मनी देने के लिए मध्यप्रदेश तैयार-प्रमुख सचिव शुक्ला

भोपाल (आरएनएस)वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 में शनिवार को मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण रहा। मुंबई के नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में डिजिटल सपनों और सिनेमाई दृष्टिकोण के साथ- मध्यप्रदेश - अगला रचनात्मक केंद्रध्र विषय पर एक प्रभावशाली पैनल डिस्कशन आयोजित हुआ। पैनल डिस्कशन ने देश के क्रिएटिव और डिजिटल उद्योग से जुड़े शीर्ष विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर मध्यप्रदेश को एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी) का राष्ट्रीय हब बनाने की दिशा में विचार-विमर्श को मजबूती प्रदान की। मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव आईटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशिका सुश्री एकता कपूर, फिक्की एवीजीसी फोरम व एमसीसीआईए एनिमेशन एंड गेमिंग कमेटी के चेयरमैन श्री




आशीष एस. कुलकर्णी, अगस्त मीडिया ग्रुप के फाउंडर एवं सीईओ श्री ज्योतिर्मय सहा और क्रिएटिव लैंड स्टूडियोज़ की सीईओ सुश्री शोभा सेंट चर्चा में शामिल रहे। सत्र का संचालन सुप्रसिद्ध लेखक और पत्रकार श्री नमन रामचंद्रन ने किया। प्रसिद्ध अभिनेता श्री अमित सियाल और श्री शरद केलकर के साथ सभी विशेषज्ञों ने मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2025 और मध्यप्रदेश एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी ङ्कलष्ट-ङ्क नीति-2025 को रिलॉन्च किया। साथ ही प्रदेश के फिल्म फैसिलिटेशन पोर्टल के सेकंड फेस को लॉन्च किया।सत्र के दौरान अपर मुख्य सचिव आईटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री दुबे ने कहा कि फिल्म निर्माण के दौरान फिल्म शूटिंग के अलावा उसका प्री प्रोडक्शन और पोस्ट प्रोडक्शन भी महत्वपूर्ण कार्य होता है। इसी को ध्यान में रखकर मध्यप्रदेश की ङ्कलष्ट-ङ्क नीति-2025 का निर्माण किया गया है। फिल्म पर्यटन नीति और ङ्कलष्ट-ङ्क नीति में से किसी भी एक नीति में अप्लाई कर दोनों नीतियां का लाभ लिया जा सकता है। अब फिल्म निर्माता फिल्म की शूटिंग के अलावा उसका प्री प्रोडक्शन और पोस्ट प्रोडक्शन का कार्य भी एमपी में ही कर सकते हैं। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशिका सुश्री एकता कपूर ने कहा कि फिल्म निर्माण के लिए मुख्य रूप से वित्तीय सहायता, छूट, सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम, मनभावन लोकेशन और ईज ऑफ शूट को ध्यान में रखा जाता है। इन सभी चीजों के साथ मध्यप्रदेश में समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत आज भी अपने मूल रूप में है।

स्पेन ने अपनी पॉलिसी के द्वारा अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं को आकर्षित किया है। निश्चित है स्पेन की तरह ही मध्यप्रदेश भी फिल्म निर्माताओं की पहली पसंद बनेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि फिल्म निर्माताओं के लिए मनभावन शूटिंग स्थलों के साथ, शूटिंग फ्रेंडली स्थानीय नागरिक, फिल्म सहयोगी ईको सिस्टम, समृद्ध स्थानीय संस्कृति के साथ मध्यप्रदेश विशेष रूप से ईज ऑफ शूटिंग डेस्टिनेशन बन गया है।

म.प्र. - कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस (MPCSICON 2025) का समापन, देश विदेश से विशेषज्ञ हुए शामिल

## हृदय चिकित्सा के क्षेत्र को मिलेंगे नए आयाम






**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** देश के कोने कोने से पहुंचे विशेषज्ञों ने जो महत्वपूर्ण जानकारी इस कॉन्फ्रेंस में साझा की है, वो निश्चित ही हृदय चिकित्सा के क्षेत्र को नए आयाम देगी। यह बात म.प्र. - कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस (MPCSICON 2025) के समापन अवसर पर अतिथियों ने कही। उल्लेखनीय है कि आयोजन में देश विदेश से पहुंचे विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किए। दूसरे दिन भी लाइव सेशंस के जरिए आधुनिक चिकित्सा पद्धति की जानकारी दी गई।

आयोजक एसीएस जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. सुहेल सिद्दीकी और सचिव डॉ. दिलीप तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे अनुसन्धान और नई तकनीकों पर विचार विमर्श और शैक्षणिक विकास करना रहा। अमेरिका के प्रतिष्ठित माउंट सिनाई हार्ट सेंटर न्यूयॉर्क से डॉ समीन शर्मा, मुंबई से डॉ. आनंद राव और डॉ ब्रजेश कुमार कुंवर, दिल्ली से डॉ. प्रवीण चंद्रा, डॉ अतुल माथुर, डॉ. एस राधाकृष्णन, डॉ. आर आर मंत्री, डॉ. निशीथ चंद्रा और डॉ. रजनीश कपूर , हैदराबाद से डॉ. शरथ रेड्डी, चेन्नई से डॉ. सिवा कुमार, बंगलुरु से डॉ. डीएस चड्ढा, लखनऊ से डॉ. ऋषि सेठी, नागपुर से डॉ. जसपाल अरनेजा, डॉ प्रशांत जगताप, इंदौर से डॉ सरिता राव, एवं भोपाल, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर जैसे अन्य कई शहरों से वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। पहले दिन हृदय रोगों की प्राथमिक रोकथाम पर चर्चा की गई जिसमें विशेषज्ञों ने कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण एवं उपचार के तरीकों पर अपने सुझाव दिए। हार्ट फेलियर के रोगियों के उपचार के नए तरीकों एवं डिवाइस थेरेपी पर चर्चा की गई।

सम्मेलन में विभिन्न कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण केन्द्रों का भी आयोजन किया गया (इको कार्यशाला, हीमोडायनेमिक कार्यशाला, ओसीटी कार्यशाला) जिसमें आई.वी.यू.एस. कार्यशाला विशेष रूप से सराहनीय रही।

दूसरे दिन विभिन्न सत्रों में एक्सपर्ट ने इलाज की आधुनिक पद्धतियों पर चर्चा की। इनमें स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज पर सत्र हुआ।

इसमें कंप्लीट कोरोनरी इंटरवेंशन में 3ष्ठ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर विशेष जानकारी दी गई। अन्य सत्र में डीईबी, बीआरएस, पीसीआई के भविष्य पर चर्चा की गई। आगे के सत्रों में पीडियाट्रिक कार्डियक इंटरवेंशन एवं एलेक्ट्रोफीसिओलॉजी पर एक्सपर्ट ने सुझाव दिये । दूसरे दिन लाइव सेशन भी हुए जिसमे हृदय के जटिल ऑपरेशनों को दिखाया गया। वैलेडिक्टरी फंक्शन व अवॉर्ड सेरेमनी के साथ दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ। दो दिवसीय आयोजन में शहर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश अग्रवाल, डॉ अंकित अग्रवाल , डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ अखिलेश दुबे, डॉ एच पी ऐस चंदेल, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. के एल उमा महेश्वर, डॉ. अनिमेष गुप्ता, डॉ. विकास मिश्रा, डॉ अमित किनारे, डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. रघुवीर पटेल,डॉ. शिशिर सोनी, डॉ. अभिषेक गायकवाड़, डॉ. एहतेशाम अंसारी, डॉ. भाविक धीरावाणी और डॉ. हर्षा रेड्डी उपस्थित रहे।



**सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है**

## यथार्थ को पलटने की कोशिश

आर्थिकी के नियमों के खिलाफ जाते हुए डॉनल्ड ट्रंप ने भूमंडलीकरण के दौर में बने यथार्थ को पलटने की कोशिश की। मगर इस क्रम में उन्होंने अमेरिका की कमजोरी को जग-जाहिर कर दिया है। इससे अमेरिकी रुतबे पर स्थायी प्रहार हुआ है।

चीन के खिलाफ टैरिफ वॉर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के कदम लड़खड़ाते दिख रहे हैं। पिछले दो दिन में इस बारे में खुद उन्होंने और उनके वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने अपनी कमजोरी जाहिर करने वाले बयान दिए हैँ। खबरों के मुताबिक पूंजीपतियों के साथ एक बैठक में बेसेंट ने कहा कि अमेरिका चीन पर लगाए गए टैरिफ को ज्यादा दिन लागू रखने की स्थिति में नहीं है।

इसके बाद ट्रंप ने कहा कि 145 प्रतिशत बहुत ऊंची दर है, जिसे नीचे लाया जाएगा। मगर एक दिन बाद उन्होंने कहा कि ऐसा कोई फैसला अभी हुआ नहीं है। इस बीच एक अमेरिकी अखबार ने खबर दी कि टैरिफ को घटा कर 50 से 65 प्रतिशत के बीच लाया जाएगा। इन चर्चाओं से अमेरिका का शेयर बाजार संभला है। निवेशकों में धारणा बनी है कि आखिरकार ट्रंप प्रशासन बाजार की असलियत को समझने लगा है। बताया जाता है कि ट्रंप के रुख में बदलाव वॉलमार्ट, अमेजन और उपभोक्ता सामग्री स्टोर्स की मालिक कुछ अन्य कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात के बाद आया। इन अधिकारियों ने आगाह किया कि दो-तीन हफ्तों में जरूरी चीजों की किल्लत हो जाएगी, जिससे महंगाई में तेज बढ़ोतरी होगी। इन स्टोर्स की ज्यादातर सामग्रियां चीन से आती हैं। उसके बाद ऊंचे स्तर पर जो प्रतिक्रियाएं दिखीं, उसका संकेत यही है कि ट्रंप प्रशासन अब समाधान ढूंढ रहा है।

# आखिर कब तक हिन्दू झेलते रहेंगे प्रशासनिक भेदभाव ? यदि धैर्य टूटा तो...

शिक्षा के अधिकार के तहत, हिंदू संस्थाओं को 25त्न सीटें अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित करनी होती हैं। जबकि मुस्लिम और ईसाई संस्थाओं पर कोई ऐसा नियम नहीं। इससे हजारों हिंदू स्कूल बंद हो गए और हिंदू बच्चे दूसरे धर्मों की संस्थाओं में पढ़ने लगे।

पाकिस्तान प्रायोजित हिन्दू धर्म विरोधी पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में अधिकांश लोगों के मन में अब यह सवाल कौंध रहा है कि क्या अब असली धर्मयुद्ध यानी अगला महाभारत शुरू होने वाला है, क्योंकि अपने ऊपर अनवरत हमलों, न्यायिक और प्रशासनिक भेदभाव के चलते हिंदुओं का धैर्य अब टूटने के कगार पर खड़ा है! जानकार बताते हैं कि आजादी से पहले और आजादी के बाद की सरकारों ने और उनके अधीनस्थ उच्चतम न्यायालय ने अपनी जिस हिन्दू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है और उनकी कथनी और करनी में जो बहुत अंतर नजर आने लगा है, वह तो धर्मयुद्ध भड़काने जैसा ही प्रतीत होता है! यक्ष प्रश्न है कि आखिर कबतक %हिन्दू% झेलते रहेंगे न्यायिक और प्रशासनिक भेदभाव? और यदि धैर्य टूटा तो फिर क्या होगा?

इसलिए जनमानस में चर्चा है कि अब ऐसी पक्षपाती संस्थाओं और उसके मूल स्रोत संवैधानिक व्यवस्थाओं/कानूनों के खिलाफ लीगल सर्जिकल स्ट्राइक करने का दबाव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर बनाया जाए। क्योंकि यदि नेताओं को यह बात समझ में आ गई तो समझो कि इसके खिलाफ बवाल होना तय है। दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ, बल्कि भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट पर आरोप लगाते हुए जो बातें कहीं हैं, उसके विश्लेषण से यह सवाल पैदा हो रहे हैं।

बता दें कि सांसद दुबे ने कहा था कि इस देश में यदि कोई धर्मयुद्ध भड़काने का जिम्मेदार होगा, तो वह सुप्रीम कोर्ट और उसके न्यायाधीश ही होंगे! तभी तो उनके इस आरोप से बड़ा विवाद खड़ा हो गया और विपक्ष ने उनकी तीखी आलोचना की। लेकिन प्रसिद्ध वैज्ञानिक, लेखक और वक्ता आनंद रंगनाथन ने एक वीडियो बयान जारी कर सांसद दूबे का पूर्ण समर्थन किया है और रंगनाथन ने अपनी धाराप्रवाह अंग्रेज़ी में सुप्रीम कोर्ट से जो 9 सवाल पूछे हैं, वे बहुत महत्वपूर्ण हैं। कोर्ट को अविलंब इस पर अपना पक्ष देने की पहल करनी चाहिए, अन्यथा जनमानस में फैली भ्रांति उसके अस्तित्व पर भी सवाल उठा सकतीं हैं।

दरअसल, आनंद रंगनाथन पूछते हैं कि, पहला, जब मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाने वाला अनुच्छेद 370 समाप्त किया, तो सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष की याचिकाओं पर तुरंत विशेष पीठ बनाकर जल्द सुनवाई की। लेकिन 1990 में कश्मीरी हिंदुओं पर हुए अत्याचारों- जैसे जबरन पलायन, घरों पर कब्जा, मंदिरों का विध्वंस, हत्याएं, बलात्कार, नौकरी से निकालना- पर दायर याचिकाओं को यह कहकर खारिज कर दिया कि अब बहुत समय हो गया है, हम यह मामला नहीं खोल सकते। इस पर उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या यह दोहरा मापदंड नहीं है? क्या इससे हिंदू समाज में आक्रोश पैदा नहीं होगा? क्या यह धर्मयुद्ध भड़काना नहीं है?

दूसरा, सुप्रीम कोर्ट को आज वक्फ बोर्ड की चिंता है, लेकिन पिछले 30 वर्षों में वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध तरीके से हड़पी गई संपत्तियां, समानांतर न्याय प्रणाली और कर नहीं भरना- क्या ये सब अदालत को दिखाई नहीं दिए? आज यदि वक्फ कानून के सुधार से इस्लाम खतरे में लगता है, तो क्या हिंदुओं की जमीनों पर मस्जिदें और मकबरे बनाना उचित है? वक्फ बोर्ड ने पिछले 10 वर्षों में 20 लाख हिंदू संपत्तियां कब्जा लीं-इस पर सुप्रीम कोर्ट की चुप्पी धर्मयुद्ध नहीं तो और क्या है?

तीसरा, हिंदू मंदिर सरकार के अधीन क्यों हैं, उनकी आय से मदरसों, हज यात्रा, वक्फ बोर्ड, इफ्तार पार्टी, कर्ज आदि पर खर्च क्यों किया जाती है? वहीं, हिंदू धार्मिक कार्यों पर रोक, उनकी याचिकाओं को लटकाना, अल्पसंख्यकों को हमेशा प्राथमिकता देना- क्या यह न्याय है? या हिंदू समाज के मन में आक्रोश उत्पन्न करने का एक तरीका है?

चौथा, शिक्षा के अधिकार के तहत, हिंदू संस्थाओं को 25त्न सीटें अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित करनी होती हैं। जबकि मुस्लिम और ईसाई संस्थाओं पर कोई ऐसा नियम नहीं। इससे हजारों हिंदू स्कूल बंद हो गए और हिंदू बच्चे दूसरे धर्मों की संस्थाओं में पढ़ने लगे। क्या यह भी धर्मांतरण को बढ़ावा नहीं है? क्या सुप्रीम कोर्ट को यह पक्षपात दिखाई नहीं देता? पांचवां, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी दोहरी नीति- हिंदुओं की बात हेट स्पीच, और दूसरों की बात फ्री स्पीच मानी जाती है। नूपुर शर्मा ने सिर्फ हदीस का उल्लेख किया- उसे कोर्ट ने हेट स्पीच कहा। लेकिन स्टालिन और अन्य नेताओं ने सनातन धर्म को रोग बताया- कोर्ट ने उस पर चुप्पी साध ली। क्या यह निष्पक्ष न्याय है?

छठा, सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू परंपराओं जैसे दशहरे के बली प्रथा पर रोक लगा दी, लेकिन हलाल, ईद के दौरान सामूहिक पशुहत्या- उस पर कोई सवाल नहीं। जन्माष्टमी पर हांडी की ऊँचाई पर रोक, लेकिन मोहर्रम की हिंसा पर कोई कार्रवाई नहीं। दिवाली के पटाखे पर्यावरण के लिए बुरे, लेकिन क्रिसमस के पटाखे नहीं। क्या यह भेदभाव नहीं? सातवां,. प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को 2019 में कठोर बना दिया गया, ताकि 15 अगस्त 1947 से पहले के धार्मिक स्थलों की स्थिति में कोई बदलाव न किया जा सके।

# कांटे को कांटे से ही निकालना बेहतर है

पुराना सिद्धांत है कि कांटा-कांटे से निकलता है तलवार या मिसाइल से नहीं। करना भी वही चाहिए। सिद्धांत के विपरीत जाने में ज्यादा नुकसान की ज्यादा संभावना रहती है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आज देश गुस्से में है। देश की जनता चाहती है कि हमला कराने वाले पाकिस्तान से भारत बदला ले। पाकिस्तान को तहस-नहस कर दे। पाकिस्तान पर हमलाकर उसे सबक सिखाए। सरकार भी ही चाहती है। इसके लिए उसने सेना को फ्रीहैंड दे दिया।

ऐसे में देश की जनता को चाहिए कि सरकार और सेना को सोचने, समझने और तैयारी करने का अवसर दे। हमले की तैयारी फुलप्रूफ हो कि दुश्मन को ज्यादा से ज्यादा नुकसान हो। हमले में अपने देश, देश के जवानों और सेना की कम से कम क्षति हो। हमले का बदला भी ले लिया जाए। इतिहास गवाह है कि पहले भी हम अपना बहुत कम नुकसान कर दुश्मन का बड़ा नुकसान पहुंचा चुके हैं। इसके लिए पाकिस्तान में बने आंतकियों के लांचिंग पैड दो बार तबाह ही नहीं किए, वहां मौजूद आंतकियों का खात्मा भी दो बार पहले हो चुका है। भारतीय सेना के कमांडो ने 28 सितंबर 2016 की रात को गुलाम कश्मीर (पीओके) में दाखिल होकर आतंकी कैंपों में सर्जिकल स्ट्राइक की। यह कार्रवाई गुलाम कश्मीर (पीओके) के चार क्षेत्र भिंबर सेक्टर, तत्तापानी सेक्टर, लिपी सेक्टर व कैल सेक्टर में एक साथ हुई। पांच घंटे चली इस कार्रवाई में इन सेक्टरों में चल रहे छह आतंकी शिविर तबाह करने के साथ करीब 45 आतंकियों को मार गिराया गया। मिशन को अंजाम देकर सभी कमांडों सुरक्षित भारतीय क्षेत्र में लौट आए। अभियान में शामिल कमांडों की हेलमेट पर लगे विशेष कैमरों व ड्रोन की मदद से पूरे ऑपरेशन को कैद भी किया गया।

## जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने

जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया।

पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना के बाद मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान को करारा जबाव देने की तैयारी के अति जटिल एवं संवेदनशील दौर में एकाएक जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लेकर न विपक्षी दलों को बल्कि समूचे देश को चौकाया एवं चमत्कृत किया है। सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा। जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन् 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया क्योंकि अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है। जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पडेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी।

## भगवान् की प्रतिमा की आरती पांच चीजों से करनी चाहिये

प्रश्न ः- आरती कितनी चीजों से की जाती है ?*

*उत्तर ः- आरती पांच चीजों से करनी चाहिये. दीप, जल, चंवर, वस्त्र और फूल.*

इसका शास्त्रीय आधार क्या है ?

(नीचे के श्लोक किस ग्रन्थ से हैं नहीं पता, विद्यार्थी जीवन मे एक सहपाठी से लिखे थे)

*आरार्तिक्यं सदा कुर्यात् प्रतिमासन्निधौ बुधः.*

*पञ्चतत्वप्रतीकत्वं मोक्षफलप्रदायकम्..*

विद्वान् पुरुष को भगवान् की प्रतिमा की आरती पांच चीजों से करनी चाहिये जो पञ्चतत्व के प्रतीक हैं.

*1. अग्नि - पंचदीप आरती* *2. जल - शंख के जल से* *3. वायु - चंवर से* *4. आकाश - सफेद कपड़े से* *5. पृथ्वी - फूल से* ऐसी आरती मनुष्य को मोक्षप्रदान करती है.

दूसरे श्लोक मे कुछ बदलाव है -

*आरार्तिक्यं सदा कुर्यात् प्रतिमासन्निधौ बुधः.*

*पञ्चतत्वप्रतीकत्वमथवा दीपकेन वा..*

विद्वान् पुरुष को भगवान् की प्रतिमा की आरती पांच चीजों से करनी चाहिये जो पञ्चतत्व के प्रतीक हैं. यदि सामर्थ्य न हो अथवा व्यवस्था न हो तो केवल दीपक से करे.

## लोकतंत्र में रचनात्मक आलोचना बहुत जरूरी

अल्पसंख्यक कल्याण के प्रति उनके प्रशासन की नीतियां इस दर्शन को केवल शब्दों में ही नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी कार्य में भी रेखांकित करती हैं। लेकिन मोदी सरकार भारत के अल्पसंख्यक समुदायों विशेष रूप से मुसलमानों को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करती है तो कुछ निहित स्वार्थी तत्व जनता को गुमराह करने और बहुत जरूरी सुधारों में बाधा डालने का प्रयास करते हैं।

हाल के वर्षों में सरकार ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक पहल और योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें बाल विकास, महिला सशक्तिकरण, वृद्धावस्था सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, अंतिम व्यक्ति तक परिवहन व संचार संपर्क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसे क्षेत्रों के लिए विशेष केंद्रित प्रयास शामिल हैं। पोषण अभियान, पीएम आवास योजना, समग्र शिक्षा अभियान, पीएम मुद्रा योजना और जल जीवन मिशन जैसे कार्यक्रम इस समावेशी मॉडल के उदाहरण हैं, जो सार्वभौमिक और न्यायसंगत व्यवस्था के माध्यम से अल्पसंख्यकों सहित उन लोगों को समग्र सहायता प्रदान करते हैं, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। वक्फ अधिनियम में सुधार के लिए सरकार का हालिया कदम भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है, जो लंबे समय से लंबित था। मुस्लिम समुदाय के कल्याण के उद्देश्य के लिए बनाई गई वक्फ संपत्तियों में दशकों से जवाबदेही की कमी और अपारदर्शी प्रबंधन मौजूद है। नये संशोधन नियामक निरीक्षण, निष्पक्षता और पारदर्शिता लाकर इसे ठीक करने का प्रयास करते हैं। दुर्भाग्य से, इसने उन लोगों के सुनियोजित विरोध को जन्म दिया है, जो कभी यथास्थिति से लाभान्वित होते थे। उनकी बेचैनी समझी जा सकती है; लेकिन सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि विपक्ष किस तरह सांप्रदायिक बयानबाजी में उलझा रहता है और सरकार द्वारा जनता के हित में किए जा रहे ठोस प्रयासों को आसानी से नजरअंदाज कर देता है। सरकार की गहरी प्रतिबद्धता को समझने के लिए 2025 की आगामी हज यात्रा के लिए सरकार के व्यावहारिक दृष्टिकोण को देखना ही काफी है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के समर्पित प्रयासों के तहत सऊदी अरब में भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए सम्मानजनक और निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। कुछ ही सप्ताह पहले रिजिजू ने भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए सम्मानजनक व्यवस्थाओं का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करने और इसे सुनिश्चित करने के लिए सऊदी अरब का दौरा किया था। यह दिखावा नहीं है। यह ऐसी सरकार का स्पष्ट प्रतिबिंब है, जो दिखावे से ज्यादा गरिमा को महत्त्व देती है। बहुत कम पिछली सरकारों ने ऐसे आध्यात्मिक महत्त्व के मामले में भारतीय मुसलमानों के लिए इस स्तर की भागीदारी और देखभाल का प्रदर्शन किया है।

## नौतपा के दौरान भगवान का आशीर्वाद पाने के लिए सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए

नौतपा में गर्मी सबसे चरम पर रहती है और सूर्य देवता इस अवधि में आग उगलते हैं. इस साल नौतपा 25 मई से शुरू होगा और 8 जून को समाप्त होगा. यानी 15 दिनों की इस अवधि में धरती का तापमान सबसे अधिक होगा. इन 15 दिनों में प्रचंड गर्मी पड़ेगी और आसमान से आग बरसेगी. आइए जानते हैं ज्योतिष से नौतपा का क्या संबंध है और इस अवधि में ग्रह और नक्षत्र की दशा क्या होती है. जानें इस बारे में विस्तार से. नौतपा का यह समय अत्यधिक गर्मी के लिए जाना जाता है. इस दौरान सूर्य पृथ्वी के सबसे निकट होते हैं, जिससे तापमान में तेजी से वृद्धि होती है और भीषण गर्मी का अनुभव होता है. इस साल नौतपा की शुरुआत 25 मई से होगी, जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा. यह अवधि नौ दिनों तक चलेगी और इसका समापन 8 जून को होगा, जब सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करेगा. वैसे तो नौतपा के शुरुआती 9 दिन सबसे गरम होते हैं, लेकिन ये 15 दिन की अवधि होती है, जिसमें सबसे अधिक भीषण गर्मी पड़ती है. यह नौ दिन प्रकृति के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवधि मानी जाती है, क्योंकि इस दौरान धरती सूर्य की तेज ऊष्मा को अवशोषित करती है, जो आगे चलकर मानसून के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है.

# किसी को अंदाजा नहीं है कि क्या बड़ा होने वाला है

अजीत द्विवेदी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार, 22 अप्रैल को हुए नरसंहार के बाद भारत की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया बुधवार, 23 अप्रैल की देर शाम को आई, जब सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति यानी सीसीएस की बैठक में पांच बड़े फैसले किए गए। यह एक त्वरित और कूटनीतिक प्रतिक्रिया है, जिस पर नागरिकों के एक बड़े समूह को निराशा हुई है। उनका कहना है कि पहलगाम जैसी बड़ी घटना के बाद भारत की प्रतिक्रिया इतनी मुलायम नहीं होनी चाहिए, बल्कि भारत को तत्काल पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहिए। लोग सैन्य कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

सोशल मीडिया 'देशभक्तों' की खून खौलाने वाली बातों से भरा है। खून के बदले खून की मांग की जा रही है। जाहिर है ऐसी घटनाओं के बाद आम लोगों की प्रतिक्रिया ऐसी ही होती है और सरकारें बड़े सामरिक फैसले आम लोगों की प्रतिक्रिया के हिसाब से नहीं करती हैं। फिर भी यह सवाल तो है ही कि पहलगाम के बाद क्या रास्ता है?

क्या भारत सरकार पहलगाम की घटना को आगे के बड़े खतरे का संकेत समझ कर ऐसी कार्रवाई करगी, जो इससे पहले नहीं हुई हो या सरकार की प्रतिक्रिया वैसी ही होगी, जैसी उरी के बाद हुई, बालाकोट के बाद हुई या पुलवामा के बाद हुई? कह सकते हैं कि भारत ने एयर स्ट्राइक या सर्जिकल स्ट्राइक की। लेकिन उससे हासिल क्या हुआ? क्या आतंकवाद का नेटवर्क ध्वस्त हो गया? क्या सीमा पार के सारे आतंकवादी लॉन्च पैड नष्ट हो गए? क्या आतंकवादी संगठनों के सरगना मारे गए? ऐसा कुछ नहीं हुआ।

उलटे नए आतंकवादी संगठन बने, जो पहले से ज्यादा खूंखार हैं और जिनको कश्मीर के स्थानीय नागरिकों का भी ख्याल नहीं है। असल में भारत की ओर से जो प्रतिक्रिया दी गई वह तात्कालिक थी, जिसका मकसद लोगों की भावनाओं का उबाल ठंडा करना था। किसी दीर्घकालीन योजना के तहत कार्रवाई नहीं हुई। तभी ऐसी कार्रवाइयों से आंशिक सफलता हासिल हुई।

यह अलग बात है कि सरकार लगातार यह नैरेटिव बनाने का प्रयास करती रही है कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में आतंकवादी हमले नहीं हो रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में शांति बहाल हो गई है। लेकिन यह अधूरा सच है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद राज्य में शांति की धारणा बनी है लेकिन पूरी तरह से शांति बहाल नहीं हुई है। पि

छले पांच साल की बात छोड़ दें और पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने के बाद की बात करें तो नौ जून 2024 से लेकर 22 अप्रैल 2025 तक आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर में 60 से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिसमें कम से कम 33 जवान हैं, जो अलग अलग सुरक्षा बलों से जुड़े हुए थे। 22 अप्रैल को पहलगाम में मारे गए 27 लोगों की संख्या जोड़ें तो पिछले 10 महीने में आतंकवादियों ने करीब 90 लोगों की हत्या की है। तभी धारणा बनाने की बजाय दीर्घकालीन सोच के साथ स्थायी शांति बहाली की योजना पर काम होना चाहिए।

उसमें सरकार की ओर से किए गए फैसले कितने कारगर होंगे यह नहीं कहा जा सकता है। मिसाल के तौर पर भारत ने 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया है। इसका मतलब है कि अब सिंधु, झेलम, चिनाब सहित इस स्ट्रीम की नदियों का पानी पाकिस्तान को नहीं मिलेगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत तत्काल यह पानी रोकने की स्थिति में नहीं है क्योंकि भारत ने कोई डैम या वाटर रिजर्वायर यानी जल संरक्षण का ढांचा नहीं बनाया है।

उरी हमले के बाद 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता है तभी अगर भारत ने सिंधु जल संधि रद्द की होती और अगले आठ साल में नदियों का पानी रोकने का ढांचा तैयार किया होता तो पाकिस्तान को अब तक सबक मिल गया होता। लेकिन बुधवार, 23 अप्रैल को हुए फैसले का सबक मिलने में समय लगेगा। इसके लिए भी भारत को तत्काल पहल करनी होगी और सिंधु घाटी की नदियों के जल संरक्षण का अपना ढांचा बनाना होगा ताकि पानी पाकिस्तान जाने से रोका जा सके। अगर भारत पानी रोक देता है तो पाकिस्तान के बड़े हिस्से में कृषि कार्य ठप्प होंगे और पानी की बड़ी किल्लत पैदा होगी, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति पर भी बुरा असर पड़ेगा।


इसके अलावा भारत ने चार और फैसले किए हैं। पहला, अटारी वाघा बॉर्डर को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है और वैध वीजा पर भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को एक मई तक वापस लौट जाने को कहा गया है। इसके बाद किसी को वीजा नहीं मिलेगा। दूसरा, सार्क वीजा छूट योजना यानी एसवीईएस की सुविधा बंद कर दी गई है और इस वीजा पर भारत आए लोगों को 48 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा गया है।

तीसरा, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा और सैन्य सलाहकारों को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' यानी अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है और एक सप्ताह में भारत छोड़ने को कहा गया है। चौथा, उच्चायोग के कर्मचारियों की संख्या 55 से घटा कर 30 करने को कहा गया है। भारत भी इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग से कर्मचारी घटाएगा यानी कूटनीतिक संबंधों को और सीमित किया जाएगा।

सिंधु जल संधि रद्द करने के अलावा बाकी चार जो फैसले हुए हैं वो रूटीन के हैं। आमतौर पर देशों के बीच किसी तरह का विवाद होने पर इस तरह के फैसले किए जाते हैं। ध्यान रहे कुछ समय पहले ही भारत और कनाडा के बीच विवाद हुआ तो दोनों देशों ने ऐसे फैसले किए थे। दोनों देशों ने उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या घटाई थी और वीजा में कटौती का ऐलान किया था। सो, पाकिस्तान के मामले में किए गए इन फैसलों से कोई बड़ा असर नहीं पड़ने वाला है।

वैसे भी पाकिस्तान से भारत का दोपक्षीय व्यापार बंद है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद से ही दोपक्षीय व्यापार बंद है और किसी तीसरे देश के जरिए दोनों के बीच थोड़े बहुत सामानों का कारोबार होता है। जहां तक पाकिस्तानी नागरिकों के भारत आने का सवाल है तो वह भी काफी कम हो गया है।

# -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपमे चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों में उलझने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए।

सिंह राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। पुरानी देनदारी आज निपटा सकते हैं।

कन्या राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरुरत है।

तुला राशि: आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया मिलेगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन बहुत शुभ रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। परिवार के कामों में आपका धन खर्च हो सकता है। आर्ट स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा,

धनु राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम सफल होगा। आज घर के बड़े-बुजुर्ग की सेवा करने से आपको अच्छा महसूस होगा। रिश्तेदारों में आपकी तारीफ होगी।

मकर राशि: आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में भी सक्षम रहेंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा अच्छा रहेगा। व्यापार के क्षेत्र में थोड़ी मुश्किलों के बाद लाभ का योग बना रहेगा। बेवजह की भाग दौड़ से बचें। आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान होगा।

मीन राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी बड़ी खुशखबरी मिलेगी।



पहलगाम हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया हैं। ऐसे में कई राजनेता इस हमले पर राजनीति भी करते नजर आये। वहीं ऐसे विकट समय में कुछ नेता ऐसे भी है जो राष्ट्रहित के बारे में सोचते हैं राजनीति को परे रखते हुए। इन्हीं में से एक हैं कांग्रेस नेता सचिन पायलट। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि पहलगाम में नागरिकों पर हाल में हुआ आतंकवादी हमला राष्ट्र पर हमला है और देश पाकिस्तान को ''करारा जवाब'' देने के लिए पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के मामले में केंद्र सरकार को दृढ़ता से मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। पायलट ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस पार्टी व समूचे विपक्ष ने केंद्र सरकार का समर्थन किया है। पायलट, उदयपुर में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे।

# हमारी सरकार सिर्फ बोलती ही नहीं है, बल्कि कार्रवाई भी करती है : दिलीप घोष

कोलकाता (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के संदर्भ में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सिर्फ बोलते नहीं हैं, बल्कि करके भी दिखाते हैं। सरदार पटेल के बाद तो लोग भूल ही गए थे कि देश में कोई गृह मंत्री का भी पद होता है, लेकिन जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई, उससे लोगों को गृह मंत्री के पद का एहसास हुआ।

भाजपा नेता ने ये बातें पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकियों का समूल नाश किया जाएगा। उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अब समय आ चुका है कि आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारें।

इसके अलावा, भाजपा नेता दिलीप घोष ने ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के उस बयान पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार कह रही है कि हम आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शेंगे नहीं, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर केंद्र सरकार आतंकियों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर पाई, तो फिर भाजपा उनके घर में घुस जाएगी।

ओवैसी के इसी बयान पर दिलीप घोष ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, क्या होगाज्आप उसे छोड़िए। भाजपा सरकार ने आतंकियों के खिलाफ क्या किया है, जरा वो देखिए।

उन्होंने सवाल पूछा, पिछले 75 सालों में आतंकियों के खिलाफ किसने कार्रवाई की? आतंकियों को किसने खत्म किया? जवाब बिल्कुल स्पष्ट है, मोदी सरकार ने किया है। आप ये देखिए कि अभी तक तो प्रधानमंत्री मोदी ने ये भी नहीं कहा है कि हम पाकिस्तान पर हमला करेंगे। लेकिन, उससे पहले ही पाकिस्तान में हाहाकार मचा हुआ है। वहां पर लोग खौफ में हैं। पाकिस्तान अब धीरे-धीरे खाली होता जा रहा है। वहां के सभी मंत्री अब विदेश रवाना हो रहे हैं। इस तरह से पाकिस्तान खाली होता जा रहा है। पाकिस्तानियों को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि क्या किया जाए।

भाजपा नेता ने पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब जहाज डूबता है, तो सबसे पहले चूहे ही भागते हैं। पाकिस्तान में मौजूदा स्थिति ऐसी ही बनी हुई है। सभी चूहे अब भाग रहे हैं।

बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला किया था। यह सभी पर्यटक देश के अलग-अलग राज्यों से थे। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर ए तैयबा ने ली थी। इस आतंकी हमले के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सबसे पहले 1960 के सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया था। इसके बाद भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कह दिया था। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ अपने राजनयिक संबंधों में कटौती करते हुए दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग से कर्मचारियों की संख्या में कटौती करने का आदेश दिया था।

पहलगाम अटैक के बाद साइबर अपराधियों के निशाने पर भारत, 10 लाख से अधिक ऑनलाइन हमले रिपोर्ट

नई दिल्ली ,02 मई (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पर बड़े पैमाने पर साइबर हमला किया गया है। महाराष्ट्र साइबर सेल के अनुसार, देश पर 10 लाख से अधिक ऑनलाइन साइबर हमले दर्ज किए गए हैं। ये हमले पाकिस्तान, मिडिल ईस्ट, इंडोनेशिया और मोरक्को जैसे देशों के हैकिंग ग्रुप्स द्वारा किए गए हैं। महाराष्ट्र साइबर विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यशस्वी यादव ने बताया कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के तुरंत बाद डिजिटल मोर्चे पर भी भारत को निशाना बनाया गया। इन हमलों में भारत की सरकारी वेबसाइटों और पोर्टल्स को टारगेट किया गया।

उन्होंने बताया कि हमले करने वाले कई हैकर खुद को इस्लामिक समूहों से जुड़ा बता रहे हैं और इसे एक तरह की साइबर जंग माना जा रहा है। हालांकि, महाराष्ट्र साइबर ने समय रहते इनमें से कई साइबर अटैक्स को नाकाम कर दिया है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर विभाग ने सभी सरकारी एजेंसियों और विभागों को एडवाइजरी जारी की है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एजिंग विद डिग्निटी कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ किया.



नई दिल्ली में भारी बारिश के बीच आईटीओ के पास रिंग रोड पर ट्रैफिक जाम.

# नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाक, एलओसी पर फिर किया सीजफायर का उल्लंघन; सेना ने दिया तगड़ा जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर अपनी नापाक हरकतों से बाज आने का नाम नहीं ले रहा है। यहां पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर से संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की है। सेना के मुताबिक एक-दो मई की रात के दौरान, पाकिस्तानी सैन्य चौकियों से फायरिंग की गई। पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, नौशेरा और अखनूर क्षेत्रों में यह गोलीबारी की है। बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान सेना ने छोटे हथियारों से गोलीबारी की। वहीं भारतीय सेना के जवानों ने संयमित लेकिन सटीक तरीके से फायरिंग का जवाब दिया। यह लगातार आठवां दिन है जब पाकिस्तानी सेना द्वारा जम्मू कश्मीर से लगी नियंत्रण रेखा पर फायरिंग की गई है। पाकिस्तानी सेना बीते शुक्रवार से नियंत्रण रेखा पर फायरिंग कर रही है। इस बीच अमेरिका ने भारत के साथ होने की बात कही है। अमेरिका ने भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री ने कहा है, अमेरिका भारत के साथ एकजुटता में खड़ा है और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। गौरतलब है कि आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 पर्यटकों की निर्मम तरीके से हत्या की थी। इसके बाद से पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पर भी संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही है। वहीं इस बीच अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को फोन पर बातचीत की। इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा हुई। अमेरिका ने पहलगाम आतंकी हमले पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस चर्चा में भारत ने अमेरिका को बताया है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को समर्थन, प्रशिक्षण और फंडिंग दे रहा है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को फोन कर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मासूम नागरिकों की जान जाने पर गहरी संवेदना व्यक्त की। गुरुवार को हुई इस वार्ता के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान का इतिहास आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और फंडिंग देने का रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तान एक धूर्त राष्ट्र के रूप में उजागर हो चुका है, जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है। दुनिया अब आतंकवाद पर आंखें मूंदे नहीं रह सकती। रक्षामंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक समुदाय को ऐसे जघन्य आतंकी कृत्यों की स्पष्ट और दृढ़ निंदा करनी चाहिए। इस बातचीत में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका के पूर्ण समर्थन की पुनः पुष्टि की। इससे पहले 30 अप्रैल और 1 मई की रात के दौरान, पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर के सामने नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी की थी।

## महाराष्ट्र : साइबर पुलिस ने पंकजा मुंडे को अश्लील कॉल करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पंकजा मुंडे को कथित तौर पर अश्लील कॉल करने और अभद्र मैसेज भेजने के आरोप में पुणे के भोसरी से एक 25 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमोल काले के रूप में हुई है, पिछले कुछ दिनों से पंकजा मुंडे को फोन कॉल और मैसेज के जरिए परेशान कर रहा था। इस घटना ने साइबर अपराध और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मामले की जानकारी देते हुए साइबर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पंकजा मुंडे के कार्यालय ने अश्लील कॉल और मैसेज की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भारतीय न्यास संहिता (बीएनएस) की धारा 78 (महिलाओं के खिलाफ अश्लील व्यवहार) और धारा 79 (महिलाओं की गरिमा का अपमान) के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की और कॉल करने वाले का स्थान ट्रेस किया, जो पुणे के भोसरी क्षेत्र में मिला।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में विझिनजाम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह का उद्घाटन किया.

## पाकिस्तानी रेडियो पर नहीं चलेंगे भारतीय गाने, भारत के एक्शन के बाद पाक ने लगाया बैन

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को भारतीय पर्यटकों पर हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अपने चरम पर है। इस हमले से जहां पूरे भारत में आक्रोश है, वहीं दोनों देशों के बीच जवाबी कार्रवाई का दौर जारी है, जिसका असर अब सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर भी दिखने लगा है। भारत द्वारा पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों और कलाकारों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद, पाकिस्तान ने भी पलटवार करते हुए अपने रेडियो स्टेशनों पर भारतीय गानों के प्रसारण पर रोक लगा दी है। इस फैसले को 'देशभक्ति की मिसाल' बताते हुए, पाकिस्तान ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (पीबीए) ने गुरुवार, 1 मई 2025 को इसकी पुष्टि की। एसोसिएशन ने कहा कि देश भर के एफएम स्टेशनों से सभी भारतीय संगीत को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। यह कदम पहलगाम की क्रूर घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ती कूटनीतिक दुश्मनी और प्रतिशोध के मद्देनजर उठाया गया है। पाकिस्तान में दशकों से भारतीय गानों और गायकों की जबरदस्त लोकप्रियता रही है। लता मंगेशकर, किशोर कुमार, मोहम्मद रफी जैसे पुराने दिग्गजों से लेकर आज के अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल तक के गाने वहां के रेडियो पर खूब सुने जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## कांग्रेस-भाजपा की नीयत बहुजन के प्रति साफ होती तो ओबीसी समाज की देश के विकास में उचित भागीदारी होती : मायावती

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती जातीय जनगणना को लेकर हमलावर दिखाई दी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एवं भाजपा आदि की अगर नीयत व नीति बहुजन समाज के प्रति पाक-साफ होती तो ओबीसी समाज देश के विकास में उचित भागीदार बन गया होता। बसपा प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि काफी लंबे समय तक ना-ना करने के बाद अब केंद्र द्वारा राष्ट्रीय जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराने के निर्णय का भाजपा व कांग्रेस आदि द्वारा इसका श्रेय लेकर खुद को ओबीसी हितैषी सिद्ध करने की होड़, जबकि इनके बहुजन-विरोधी चरित्र के कारण ये समाज अभी भी पिछड़ा, शोषित व वंचित है।

उन्होंने लिखा कि कांग्रेस एवं भाजपा आदि की अगर नीयत व नीति बहुजन समाज के प्रति पाक-साफ होती तो ओबीसी समाज देश के विकास में उचित भागीदार बन गया होता, जिससे इनके मसीहा परमपूज्य बाबासाहेब डा. भीमराव अंबेडकर का 'आत्म-सम्मान व स्वाभिमान' का मिशन सफल होता हुआ जरूर दिखता। बसपा प्रमुख मायावती ने आगे लिखा कि बाबासाहेब एवं बीएसपी के अनवरत संघर्ष के कारण ओबीसी समाज आज जब काफी हद तक जागरूक है, तो दलितों की तरह ओबीसी वोटों के लिए लालायित इन पार्टियों में इनका हितैषी दिखने का स्वार्थ व मजबूरी है, अर्थात् स्पष्ट है कि ओबीसी का हित बीएसपी में ही निहित है, अन्यत्र नहीं।

## सुप्रीम कोर्ट ने छह कथित पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर लगाई रोक, ये थी खास वजह

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को छह कथित पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता का दावा है कि वे भारतीय हैं। उनके पास भारतीय नागरिकता को प्रमाणित करने वाले कई दस्तावेज मौजूद हैं, जिनमें भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड शामिल है। याचिकाकर्ता के वकील नंदकिशोर इस प्रकरण के बारे में जानकारी देते हुए बताते हैं कि यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है। एक व्यक्ति मूल रूप से हिंदुस्तानी है, उसके पास खुद को हिंदुस्तानी साबित करने के लिए अनेकों दस्तावेज हैं। इसके बावजूद, उसे पाकिस्तान जाने के लिए कह दिया जाता है। नोटिस भेज दिया गया। याचिकाकर्ता ने अपने वकील के माध्यम से बताया कि हमारे परिवार में कुल छह सदस्य हैं। इनमें से दो बेटे बेंगलुरु में काम करते हैं। इसके अलावा, परिवार में माता, पिता, भाई और बहन हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि जब हमें पाकिस्तान के लिए नोटिस आया, तो हम हतप्रभ हो गए। यही नहीं, हमें गाड़ी में बैठाकर अटारी बॉर्डर तक ले जाया गया और कहा गया



अंगोला गणरा%य के राष्टपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको और प्रथम महिला एना अफोंसो डायस लौरेंको का दिल्ली हवाई अड्डे पर आगमन पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन तथा विदेश रा%य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



नई दिल्ली में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# पहलगाम हमले पर रॉबर्ट वाड्रा के कथित बयान को लेकर एचआरडीएस इंडिया ने दिल्ली में दर्ज कराई शिकायत

नई दिल्ली (आरएनएस)। एचआरडीएस इंडिया ने कांग्रेस नेता और उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दिल्ली के लोदी कॉलोनी थाने में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। एचआरडीएस इंडिया के सचिव श्री अजी कृष्णन द्वारा दायर की गई इस शिकायत में आरोप है कि वाड्रा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को हुए आतंकी हमले को कथित तौर पर जायज़ ठहराने वाला बयान दिया है, जो राष्ट्रविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह निर्मम आतंकी हमला, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई, पूरे देश को झकझोर कर रख देने वाला था। जहां एक ओर वैश्विक स्तर पर इसकी कड़ी निंदा की गई, वहीं शिकायत में कहा गया है कि रॉबर्ट वाड्रा ने यह संकेत दिया कि यह हमला भारत में मुस्लिम समुदाय की कथित असुरक्षा की भावना के चलते हुआ। शिकायत के अनुसार, वाड्रा ने कहा कि यह हमला प्रधानमंत्री के लिए एक संदेश था, जिससे यह प्रतीत होता है कि उन्होंने आतंकवाद को देश की आंतरिक परिस्थितियों की प्रतिक्रिया के रूप में दर्शाया। एचआरडीएस इंडिया ने इस कथन को अत्यंत भड़काऊ और खतरनाक बताया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि वाड्रा के बयान आम नागरिकों की हत्या को जायज़ ठहराते हैं और आतंकियों को देश की नीतियों के प्रति प्रतिक्रिया देने वाला दर्शाते हैं। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि 卐यह सरकार सिर्फ हिंदुत्व की बात करती है। यह मस्जिदों का सर्वे कराती है और धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करती है। हमलावरों ने लोगों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाया। इसकी वजह है कि इस देश में हिंदू और मुस्लिमों के बीच फासला बढ़ा है। धर्म के आधार पर लोगों की हत्या करना प्रधानमंत्री को दिया गया संदेश है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुसलमान इस देश में असुरक्षित महसूस करते हैं। अल्पसंख्यक खुद को कमजोर मानते हैं। एचआरडीएस इंडिया का मानना है कि इस प्रकार की टिप्पणियाँ न सिर्फ आतंकवाद को परोक्ष समर्थन देती हैं, बल्कि समाज में भय और सांप्रदायिक तनाव को भी जन्म देती हैं। वाड्रा ने कथित रूप से यह भी कहा कि भारत अब धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र नहीं रहा और यहां धार्मिक राजनीति हावी हो गई है। उन्होंने मस्जिदों में नमाज़ पर रोक, लाउडस्पीकर पर पाबंदी और दिल्ली की जामा मस्जिद के आस-पास जुटने पर कार्रवाई जैसे उदाहरण भी गिनाए।एचआरडीएस इंडिया ने इस कथानक की कड़ी निंदा करते हुए इसे शांति व्यवस्था को अस्थिर करने वाला, हिंसा को बढ़ावा देने वाला और समाज को बाँटने वाला प्रयास बताया है।



मुंबई. सेलिब्रिटी पोषण विशेषज्ञ पायल रंगार अपने ग्राहकों को उस तरह का पोषण, फिटनेस और कल्याण देने के लिए अपने परिणाम-संचालित दृष्टिकोण के लिए जानी जाती हैं जो वे आदर्श रूप से चाहते हैं. इन वर्षों में, उनके ठोस ट्रैक रिकॉर्ड ने देश में सबसे अविश्वसनीय पोषण विशेषज्ञों में से एक के रूप में उनकी जगह को मजबूत किया है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उन्होंने अपने करियर में छलांग लगाई है. वास्तव में, उनका कौशल ऐसा है कि एक समय ऐसा भी था जब वह अपने ज्ञान और कौशल से एकमात्र सलमान खान को भी प्रभावित करने में कामयाब रहीं.

# रुबीना दिलैक का ग्रीन साड़ी में देसी अवतार, झुमके ने खींचा फैंस का ध्यान



टीवी एक्ट्रेस रूबीना दिलैक का फैशन सेंस कमाल का है। उनके स्टाइल के लाखों लोग दीवाने हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने नए लुक की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसे देख फैंस अपना दिल हार बैठे हैं। उनका यह फोटोशूट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

लेटेस्ट फोटोशूट में रूबीना ग्रीन कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। अपने देसी अंदाज को बेहतरीन बनाने के लिए उन्होंने बालों को खुला रखा है और कानों में हैवी ईयरिंग्स पहने हुए हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा– इश्क और मुश्क छिपाए नहीं छुपता।

इस लेटेस्ट फोटोशूट पर एक्ट्रेस निशा रावल ने कमेंट किया– हमेशा प्यार बांटती रहो।

एक्ट्रेस आकांक्षा सिंह ने कमेंट में लव इमोजी शेयर किया।

वहीं एक यूजर ने कमेंट में लिखा– अनारकली।

इससे पहले उन्होंने ब्राउन कलर के गाउन में अपना फोटोशूट शेयर किया था, जिसमें नेट का दुपट्टा उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम कर रहा था। इन तस्?वीरों को शेयर करते हुए रूबीना ने कैप्शन दिया– सुनहरी धूप ने कुछ इस तरह से छुआ...

बता दें कि रुबीना दिलैक ने मिस शिमला समेत कई ब्यूटी कॉन्टेस्ट में अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। एक्ट्रेस बनने से पहले वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती थीं। इसके लिए वह चंडीगढ़ में तैयारी भी कर रही थीं। इस दौरान अपनी एक फ्रेंड के कहने पर उन्होंने छोटी बहू सीरियल के लिए ऑडिशन दिया और सेलेक्ट हो गईं। यहां से उन्होंने एक्टिंग में जाने का फैसला किया और सीरियल में राधिका का रोल निभाया।

इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह सास बिना ससुराल, पुनर्विवाह: एक नई उम्मीद, जीनी और जूजू और शक्ति जैसे हिट शो का हिस्सा रही हैं। उन्होंने राजपाल यादव स्टारर फिल्म अर्ध से बॉलीवुड में डेब्यू किया। वह बिग बॉस 16 की विनर भी रही हैं।

**हाउसफुल 5 का टीजर रिलीज, बीच समुद्र क्रूज पर मौत का खेल, किलर कॉमेडी लेकर आ रहे अक्षय कुमार**

थिएटर्स में एक बार फिर हंसने के लिए तैयार हो जाइए. क्योंकि अब सिनेमाघरों में मल्टीस्टारर किलर कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 आ रही है. किलर कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 का टीजर जारी हो गया है, जो काफी मजेदार है. टीजर में फिल्म की तकरीबन पूरी स्टारकास्ट नजर आ रही है. हाउसफुल 5 साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस की है,

## केसरी 2 की कमाई में गिरावट जारी, 12वें दिन पार किया 70 करोड़ रुपये का आंकड़ा

अक्षय कुमार, अनन्या पांडे और आर माधवन जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म केसरी: चैप्टर 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 12 दिन पूरे हो गए हैं। जलियांवाला बाग हत्याकांड के दर्द को बयां करती यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से ही अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

हालांकि, अब हर गुजरते दिन के साथ फिल्म के कारोबार में गिरावट लगातार जारी है।

आइए जानें केसरी 2 ने 12वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

घटती कमाई के बावजूद केसरी 2 ने भारत में 70 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। सैकनिल्क के अनुसार, केसरी 2 ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 2.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया,

# अजय देवगन के साथ ईशा गुप्ता करेंगी धमाल 4 में रोमांस, तीसरी बार आए साथ

अजय देवगन फिल्म रेड 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। अजय इन दिनों अपनी इसी फिल्म के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं, जिसमें उनकी जोड़ी अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ बनी है, वहीं रितेश देशमुख फिल्म के विलेन हैं।

उधर अजय की फिल्म धमाल 4 भी सुर्खियां बटोर रही है, जिसमें अब ईशा गुप्ता की एंट्री हो गई है।

आइए जानें और अक्या कुछ जानकारी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, धमाल की चौथी किस्त धमाल 4 में ईशा गुप्ता को एक अहम भूमिका के लिए कास्ट कर लिया गया है। वह इस फिल्म में अजय के साथ रोमांस करती दिखेंगी।

ईशा को टोटल धमाल में भी देखा गया था, लेकिन इसमें उन्होंने कैमियो किया था। अब वह अपनी यही भूमिका को दोहराती दिखेंगे, लेकिन इस बार उनके किरदार को बढ़ा दिया गया है।

फिल्म से संजीदा शेख और अंजली आनंद का नाम पहले ही जुड़ गया था।

टोटल धमाल के मुख्य कलाकार अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी,



संजय मिश्रा और विजय पाटकर अगली किस्त में भी बने रहेंगे और एक बार फिर अपनी कॉमेडी से दर्शकों को लोटपोट करते दिखेंगे।

इस बार फिल्म में रवि किशन और उपेंद्र लिमये की एंट्री हुई है। बीते मार्च में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी और जून में शूट पूरा होने की उम्मीद है।

साल 2026 में यह फिल्म सिनेमाघरों का रुख करेगी।

ईशा और अजय ने पहली बार फिल्म बादशाहो में साथ काम किया था, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। मिलन लुथारिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में इलियाना डिक्रूज ने भी अहम भूमिका निभाई थी। विद्युत जामवाल, इमरान हाशमी और संजय मिश्रा भी इसका हिस्सा थे। 90 करोड़ रुपये के बजट में बनी इन फिल्म ने दुनियाभर में 123 करोड़ रुपये कमाए थे।

## पुलकित सम्राट की सुस्वागतम खुशामदीद का टीजर जारी, 16 मई होगी रिलीज

बहुप्रतीक्षित रोमांटिक कॉमेडी सुसावगाथम खुशामदीद का टीज़र आखिरकार रिलीज़ हो गया है –और यह गर्मजोशी, रंग और युवा ऊर्जा से भरा हुआ लग रहा है। धीरज कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक दिल को छू लेने वाली अंतर-सांस्कृतिक प्रेम कहानी है, जो आज के समय में ताज़ा और बहुत प्रासंगिक है।

अपनी करिश्माई स्क्रीन उपस्थिति के लिए मशहूर पुलकित सम्राट इस फिल्म में खूबसूरत नवोदित अभिनेत्री इसाबेल कैफ के साथ अभिनय कर रहे हैं। इस जोड़ी की केमिस्ट्री स्वाभाविक और आकर्षक है, जो एक ऐसे प्रेम को जीवंत करती है जो सीमाओं और संस्कृतियों से परे पनपता है। एकता, आशा और सांस्कृतिक संबंध की पृष्ठभूमि पर आधारित सुसावगाथम खुशामदीद महज एक प्रेम कहानी नहीं है। यह एक अच्छी, रंगीन कहानी है जो हास्य, भावना और सार्थक कहानी कहने का एक सुंदर संयोजन है –जिसे भव्य दृश्यों और आकर्षक संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया है। टीजर में एक ऐसी प्रेम कहानी की झलक मिलती है जो एकता और समावेश की भावना पर आधारित है और आज के विभाजित माहौल में एक मजबूत संदेश देती है। हर फ्रेम उत्सव और जुड़ाव की भावना पैदा करता है। श्रवण कुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, धीरज, दीपक धर, अज़ान अली और सुनील राव द्वारा निर्मित, फिल्म का सह-निर्माता जावेद देवरियावाले, अजय बरनवाल, संजय सुराणा, अशफ़ा हसन, सादिया असीम हैं। फिल्म में शानदार कलाकार हैं –साहिल वैद, प्रियंका सिंह, स्वर्गीय ऋतुराज सिंह, मेघना मलिक, स्वर्गीय अरुण बाली, नीला मुलेरकर, मनु ऋषि चड्ढा, प्रशांत सिंह, राजकुमार कनौजिया, मेहुल सुराणा, श्रुति उल्फत और सज्जाद डेलाफ्रोस।

फिल्म का संगीत ज़ी म्यूज़िक कंपनी के तहत जारी किया जाएगा और यह फिल्म 16 मई 2025 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुति है, जिसका निर्माण इनसाइट इंडिया, एंडेमोल शाइन इंडिया, येलो एंट प्रोडक्शंस, शुरभि एंटरटेनमेंट, अज़ान एंटरटेनमेंट और यू एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया गया है।

# खौफनाक जंगल में नंगे पांव दौड़ीं तमन्ना भाटिया, सिद्धार्थ मल्होत्रा की वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में एक्ट्रेस की एंट्री

तमन्ना भाटिया सिद्धार्थ मल्होत्रा की अपकमिंग माइथोलॉजिकल थ्रिलर, वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में शामिल हो गई हैं. बुधवार को फिल्म के मेकर्स ने एक्ट्रेस की थ्रिलर एंट्री दिखाते हुए नया टीजर रिलीज किया है. क्लिप में, तमन्ना का चेहरा दिखाई नहीं दे रहा था. हालांकि, वह लाल साड़ी में नंगे पैर जंगल की ओर भागती हुई दिखाई दे रही थीं.

तमन्ना भाटिया टीजर में एक कार से उतरती हैं और जंगल की ओर नंगे पांव भागती हैं. वह टीजर में एक दीया भी जलाती हैं और एक बोर्ड पर आती हैं, जिस पर लिखा है, चेतावनी: सूर्यास्त के बाद जंगल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है. टीजर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बालाजी मोशन पिक्चर्स ने लिखा, भारतीय माइथोलॉजिकल कथाओं और रहस्य से भरे वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट इतिहास और लोककथाओं के पन्नों से सीधे एक कहानी को सामने लाता है. इस शक्तिशाली कहानी में तमन्ना भाटिया का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है. अपने आप में एक शक्ति, जो पहले कभी नहीं देखी गई स्क्रीन पर कमान संभालने के लिए तैयार है.

दिलचस्प बात यह है कि वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में तमन्ना भाटिया और सिद्धार्थ मल्होत्रा पहली बार एक साथ काम करेंगे. इसलिए फैंस उनकी ऑन-स्क्रीन जोड़ी और केमिस्ट्री देखने के लिए एक्साइटेड हैं. यह फिल्म एक लोक थ्रिलर है जिसे दीपक कुमार मिश्रा को-डायरेक्ट कर रहे हैं जो पंचायत के निर्देशक भी हैं. फिल्म के इस साल जून में फ्लोर पर आने की उम्मीद है और यह 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

इस बीच तमन्ना की आने वाली फिल्मों में रेंजर, राकेश मारिया की बायोपिक और मोस्ट अवेटेड सीक्वल नो एंट्री 2 शामिल हैं. दूसरी ओर, सिद्धार्थ मल्होत्रा फिलहाल जान्हवी कपूर के साथ परम सुंदरी पर काम कर रहे हैं. वह राज शांडिल्य के अगले प्रोजेक्ट का भी हिस्सा हैं और करण जौहर के बैनर तले रेस 4 और निर्देशक शरण शर्मा के साथ एक और अनटाइटल्ड फिल्म के लिए बातचीत कर रहे हैं.

**टिकट के दाम घटाने के बावजूद नहीं बढ़ी ग्राउंड जीरो की कमाई, जानें 5वें दिन का कारोबार**

इमरान हाशमी इन दिनों फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, लेकिन इसे दर्शकों ने सिरे से नकार दिया है। इसका कारोबार लाखों में सिमट गया है। आलम यह फिल्म है कि टिकट के दाम कम करने के बाद भी ग्राउंड जीरो की कमाई में उछाल नहीं आया। आइए जानें बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का पांचवें दिन क्या हाल रहा। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, ग्राउंड जीरो ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार को 63 लाख रुपये का कारोबार किया।

## पंचायत की तर्ज पर आ रही है नई वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय, 9 मई को प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम

'पंचायत' की अपार सफलता के बाद अब टीवीएफ (द वायरल फीवर) एक बार फिर ग्रामीण भारत की ज़िंदगी को लेकर दर्शकों के सामने हाज़िर है. इस बार वे लेकर आए हैं

एक नई वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय', जिसका प्रीमियर 9 मई को अमेज़न प्राइम वीडियो पर किया जाएगा. टीवीएफ ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से इसका पहला पोस्टर शेयर करते हुए लिखा - भातकांडी जाने के लिए तैयार हो जाइए - ग्राम चिकित्सालय ऑन प्राइम, नई सीरीज, 9 मई.

पोस्टर में एक ओर जहां एक युवा अधिकारी दिख रहा है, वहीं दूसरी ओर अनुभवी ग्रामीण डॉक्टर की झलक भी दिखाई देती है. साथ ही, पोस्टर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का बैकड्रॉप और ग्रामीण परिवेश इस बात का संकेत देता है कि यह सीरीज स्वास्थ्य व्यवस्था और ग्रामीण भारत की हकीकत को ह्यूमर के साथ दर्शाने वाली है.

# गर्मियों के दौरान रोजाना एक गिलास नारियल का दूध पीने से मिल सकते हैं ये फायदे



गर्मी का मौसम अपने साथ कई समस्याएं लेकर आता है। इस मौसम में लू, पानी की कमी, चक्कर आना और सिरदर्द जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

इन समस्याओं से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है, लेकिन रोजाना एक गिलास नारियल का दूध पीने से भी शरीर को ठंडक मिल सकती है।

आइए जानते हैं कि गर्मियों के दौरान डाइट में नारियल का दूध शामिल करने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

शरीर को ठंडक देने में है सहायक

नारियल का दूध प्राकृतिक रूप से ऐसे तत्वों से भरपूर होता है, जो शरीर में पानी के स्तर को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं।

इसके अलावा इसमें मौजूद पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे खनिज शरीर को ठंडक देने में सहायक होते हैं।

यही नहीं, नारियल के दूध का सेवन करने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है, जिससे डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है।

वजन को नियंत्रित करने में है प्रभावी

नारियल का दूध वजन को नियंत्रित करने में भी मदद कर सकता है। इसका कारण है कि इसमें ऐसे फैटी एसिड होते हैं, जो शरीर को अतिरिक्त कैलोरी जलाने में मदद कर सकते हैं।

इसके अलावा नारियल का दूध लंबे समय तक पेट को भरा हुआ महसूस करवाने में मदद करता है, जिससे आप अनहेल्दी स्नैक्स खाने से बच सकते हैं और वजन को नियंत्रित कर सकते हैं। पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में है कारगर नारियल का दूध पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है। इसका कारण है कि यह मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे खनिजों से भरपूर होता है, जो पाचन एंजाइम के उत्पादन को बढ़ाकर पाचन को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

नारियल का दूध पाचन को सुचारू रखने में सहायक होता है। इसलिए रोजाना एक गिलास इसका सेवन करें।

हृदय को स्वस्थ रखने में है मददगार

नारियल का दूध हृदय को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है।इसमें मौजूद फैटी एसिड हानिकारक कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित करने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे खनिजों से भरपूर होता है, जो हृदय को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, हृदय रोगी डॉक्टरी सलाह के बाद ही इसका सेवन करें। त्वचा के लिए भी है लाभदायक नारियल का दूध त्वचा के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह त्वचा को नमी देने और पोषण देने में मदद कर सकता है। इसके अलावा इसमें मौजूद फैटी एसिड त्वचा को मुलायम बनाने में मदद कर सकते हैं।

लाभ के लिए नारियल के दूध को रूई से चेहरे पर लगाएं और 10 से 15 मिनट के बाद चेहरे को साफ कर लें।

# संतरे से ज्यादा विटामिन-सी से भरपूर होती हैं ये 5 चीजें, डाइट में करें शामिल



विटामिन-सी एक ऐसा पोषक तत्व है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने से लेकर त्वचा को स्वस्थ रखने तक में अहम भूमिका निभाता है।

आमतौर पर लोग विटामिन-सी के लिए संतरे का सेवन करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि संतरे के मुकाबले कुछ खान-पान की चीजों में इससे कई ज्यादा विटामिन-सी होता है।

आइए आज हम आपको ऐसे ही कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हैं, जिनमें संतरे की तुलना में ज्यादा विटामिन-ष्ट होता है।

शिमला मिर्च

शिमला मिर्च एक सब्जी है, जो विभिन्न रंगों में उपलब्ध होती है और इसमें विटामिन-सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है।

100 ग्राम शिमला मिर्च में लगभग 80 मिलीग्राम विटामिन-सी होता है, जबकि 100 ग्राम संतरे में केवल 53 मिलीग्राम विटामिन-सी पाया जाता है।

शिमला मिर्च में मौजूद विटामिन-सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने और त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट भी होते हैं।

ब्रोकली

ब्रोकली एक ऐसा सब्जी है, जिसमें संतरे से ज्यादा विटामिन-सी होता है।

100 ग्राम ब्रोकली में लगभग 90 मिलीग्राम विटामिन-सी होता है, जबकि 100 ग्राम संतरे में लगभग 53 मिलीग्राम विटामिन-सी पाया जाता है।

ब्रोकली का सेवन कैंसर के जोखिम को कम करने, हृदय रोगों से बचाने और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह एंटी-ऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्रोत है।

कीवी

कीवी एक स्वादिष्ट फल है, जो संतरे से कहीं ज्यादा विटामिन-सी से समृद्ध होता है।

100 ग्राम कीवी में लगभग 92 मिलीग्राम विटामिन-सी पाया जाता है, जबकि 100 ग्राम संतरे में केवल 53 मिलीग्राम विटामिन-सी होता है।

कीवी में मौजूद विटामिन-सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने और त्वचा को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है।

इसके अतिरिक्त यह फल पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में भी सहायक है।

पपीता

पपीता एक ऐसा फल है, जिसमें विटामिन-सी की भरपूर मात्रा होती है और इसमें लगभग 60 मिलीग्राम विटामिन-सी पाया जाता है।

इसके अतिरिक्त पपीता में पाचक एंजाइम पापेन भी मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया को सुधारने में मदद कर सकता है।

पपीता एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए इसे अपनी डाइट में शामिल करना अच्छा हो सकता है।

अमरूद- अमरूद एक ऐसा फल है, जो विटामिन-सी के साथ-साथ फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है।

100 ग्राम अमरूद में लगभग 228 मिलीग्राम विटामिन-सी पाया जाता है, जबकि 100 ग्राम संतरे में केवल 53 मिलीग्राम विटामिन-सी होता है।

## शब्द सामर्थ्य -035

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. फोड़ा 13. चोंचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 034 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मझौली में रात्रि मे योगेश सिंह उर्फपप्पू राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी छीतापाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह छीतापाल तिराहा में ढाबा चलाता है अपने ढाबा में था तभी पड़रिया निवासी दीपांशु राजपूत अपनी बुलट से आया और ढाबा के सामने बुलट खड़ी करके रास्ते में आने जाने वाली मारूती वेन चालकों को गाली गलौज करने लगा, उसने ढाबा के सामने गालियां देने से मना किया तो दीपांशु राजपूत उसके साथ गाली गलौज करते हुये उसका गला पकड़ लिया उसने अपना गला छुड़ाया फ्रि दीपांशु राजपूत वहां से चला गया था



पाइप लाइन क्षत्रिग्रस्त करने वाले स्टेट पी.डब्लू.डी. ठेकेदार एवं अन्य से वसूल की जायेगी सुधार कार्य की राशि - निगमायुक्त

# स्टेट पी.डब्लू.डी. के द्वारा निर्माण कार्य के दौरान टूटी नगर निगम की पाइप लाइन

नागरिकों को पेयजल आपूर्ति करने के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निदान के लिए हेल्प लाइन नंबर 0761-2611611 जारी - निगमायुक्त प्रीति यादव

**निगमायुक्त प्रीति यादव को अधिकारियों ने दी जानकारी**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्टेट पी.डब्लू.डी. के द्वारा मेडिकल से तिलवारा मार्ग पर सड़क के किनारे खुदाई के दौरान विभाग के ठेकेदार द्वारा लगाई गई जेसीबी मशीन के द्वारा नगर निगम की पाइप लाइन तोड़ दी गई थी, जिसके कारण नागरिकों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जबकि नगर निगम के सहायक यंत्री द्वारा स्टेट पीडब्लूडी के ठेकेदार को एवं उनके प्रतिनिधि को खुदाई न करने के साथ-साथ तोड़फोड़ न करने के संबंध में अवगत करा दिया गया था परन्तु ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए लापरवाही पूवर्क कार्य कराया गया, जिसके कारण नगर निगम की छवि धूमिल हुई है। उक्त जानकारी आज सुधार कार्य स्थल पर पाइप लाइन टूटने और सुधार कार्य देखने पहुँची निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव को जल विभाग के अधिकारियों ने दी। इस अवसर पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुधार कार्य में जो भी राशि का व्यय आयेगा उसकी वसूली

**अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण करने सुधार कार्य स्थल पर पहुँची निगमायुक्त प्रीति यादव**

संबंधित ठेकेदार से करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें साथ ही नागरिकों को पेयजल आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था को मजबूत करें। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने नागरिकों की सुविधा के लिए पेयजल आपूर्ति के संबंध में सूचना देने तथा शिकायत करने के लिए हेल्प लाइन नम्बर 0761-2611611 जारी किया गया है।

निगमायुक्त ने बताया कि सुधार कार्य तेज गति से चल रहा है, शीघ्र ही सुधार कार्य कराकर शहर के नागरिकों को भरपूर पेयजल की आपूर्ति कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि सुधार कार्य के दौरान भी नागरिकों को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुरू हुआ जूडो शिविर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म. प्र. ओलंपिक संघ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला जूडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में 5 मई से 30 मई तक ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ क्रीड़ा भारती केंद्र, कछपुरा स्कूल गुलौआ चौक रेलवे क्रॉसिंग जबलपुर में किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि कौशलेंद्र जी (प्रचारक) संगठन मंत्री महाकौशल प्रांत क्रीड़ा भारती ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेक रंजन शुक्ला संपर्क प्रमुख महानगर क्रीड़ा भारती जबलपुर तथा आबिद हुसैन खान सचिव जबलपुर जिला जूडो संघ आदि उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से पौधे दे कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनको प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन व आभार प्रदर्शन संस्था के जूडो कोच मनीष श्रीवास्तव ने किया।

# जी.आई.एस. सर्वे का डाटा हर हाल में कम्प्यूटर में दर्ज करने पर हुआ मंथन

**प्रत्येक वार्ड में 20 से 25 सम्पत्तियों को प्रतिदिन रिकार्ड में दर्ज करने अधिकारियों को राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी ने दिये निर्देश**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर बढ़ाने की दृष्टि से पूर्व में जी.आई.एस. के माध्यम से सभी वार्डो का घर-घर जाकर सर्वे किया गया था। जिसके संबंध में आज एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी ने अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह के साथ संभाग क्रमांक 15 सुहागी पहुँचकर संभाग क्रमांक 15 एवं 7 के संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक के साथ बैठक की। बैठक में राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जी.आई.एस. सर्वे के डाटा को कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज करें, जिससे सम्पत्तिकर की राशि बढ़ाई जा सके।

उन्होंने निर्देशित किया कि सर्वे के जो रजिस्टर उपलब्ध कराये गए हैं उनका सूक्ष्म रूप से परीक्षण कर प्रतिदिन प्रत्येक वार्ड में 20 से 25 सम्पत्तियों को कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज करें। बैठक में संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक शिरीष उपाध्याय एवं समस्त सहायक राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# पश्चिम मध्य रेल से संचालित समर स्पेशल ट्रेनों का लाभ उठायें यात्रीगण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।जबलपुर रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से समर स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए जबलपुर से अयोध्या एवं हरिद्वार, रानी कमलापति से सहरसा एवं हड़पसर (पुणे), रीवा से सीएसएमटी एवं चर्लपल्ली (सिंकदराबाद) और सोगरिया से दानापुर के मध्य समर स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही है। जिनका विवरण इस प्रकार है ः-

जबलपुर-अयोध्या-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

01701 जबलपुर-अयोध्या साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 25 जून 2025 तक प्रत्येक बुधवार को रात 19ः40 बजे जबलपुर से रवाना होकर और अगले दिन सुबह 11ः00 बजे अयोध्या पहुँच रही है।

01702 अयोध्या-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 13ः30 बजे अयोध्या से रवाना होकर और अगले दिन भोर 04ः15 बजे जबलपुर पहुँच रही है।

जबलपुर-हरिद्वार-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

01705 जबलपुर-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 25 जून 2025 तक प्रत्येक बुधवार को दोपहर 15ः45 बजे जबलपुर से रवाना होकर और दूसरे दिन दोपहर 13ः50 बजे हरिद्वार पहुँच रही है।

01706 हरिद्वार-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को सायं 17ः40 बजे हरिद्वार से रवाना होकर और दूसरे दिन सायं 17ः50 बजे जबलपुर पहुँच रही है।

रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

02187 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15ः50 बजे रीवा से रवाना होकर और अगले दिन दोपहर 12ः20 बजे सीएसएमटी पहुँच रही है।

02188 सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 27 जून 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 13ः30 बजे सीएसएमटी से रवाना होकर और अगले दिन सुबह 09ः45 बजे रीवा पहुँच रही है।

रीवा-चर्लपल्ली (सिकंदराबाद)-रीवा द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

01704 रीवा-चर्लपल्ली (सिकंदराबाद) द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 25 मई 2025 तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को दोपहर 13ः00 बजे रीवा से रवाना होकर और अगले दिन दोपहर 14ः45 बजे चर्लपल्ली (सिकंदराबाद) पहुँच रही है।

01703 चर्लपल्ली (सिकंदराबाद)-रीवा द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 26 मई 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को सायं 16ः55 बजे चर्लपल्ली (सिकंदराबाद) से रवाना होकर और तीसरे दिन भोर 03ः30 बजे रीवा पहुँच रही है।

रानी कमलापति-सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

01663 रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को सायं 16ः30 बजे रानी कमलापति से रवाना होकर और अगले दिन दोपहर 15ः15 बजे सहरसा पहुँच रही है।

01664 सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनआगामी 01 जुलाई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को सायं 18ः30 बजे सहरसा से रवाना होकर और अगले दिन रात 21ः10 बजे रानी कमलापति पहुँच रही है।

रानी कमलापति-हड़पसर (पुणे)-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

01667 रानी कमलापति-हड़पसर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को सुबह 08ः35 बजे रानी कमलापति से रवाना होकर और दूसरे दिन मध्य रात्रि 00ः30 बजे हड़पसर पहुँच रही है।

01668 हड़पसर-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 27 जून 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः 06ः30 बजे हड़पसर से रवाना होकर और उसी दिन रात 22ः55 बजे रानी कमलापति पहुँच रही है।

सोगरिया-दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

09819 सोगरिया-दानापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12ः45 बजे सोगरिया से रवाना होकर और दूसरे दिन सुबह 10ः00 बजे दानापुर पहुँच रही है।

09820 दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 01 जुलाई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 12ः45 बजे दानापुर से रवाना होकर और दूसरे दिन सुबह 11ः00 बजे सोगरिया पहुँच रही है।

नोटः- रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी वेबसाइट से इन समर स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। इन सभी समर स्पेशल ट्रेनों के ठहराव के विस्तृत समय के लिए कृपया 222.द्ग्ठ्ठह्लद्बह्म्4.द्बठ्ठस्रद्बड्डठ्ठह्म्ड्डद्बद्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाएं या एनटीईएस ऐप से प्राप्त कर सकते है।

## मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित लाइट कटौती के खिलाफ कांग्रेस ने रांझी विद्युत मंडल कार्यालय का किया घेराव, सोपा ज्ञापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश महासचिव रामदास यादव के नेतृत्व में विद्युत मंडल रांझी कार्यालय का घेराव कर मुख्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया इस दौरान विद्युत मंडल अधिकारी से चर्चा कर श्री यादव ने बताया कि कैंट विधानसभा क्रं.99 के अंतर्गत रांझी क्षेत्र के महर्षि सुदर्शन वार्ड, भगत सिंह वार्ड, अंबेडकर वार्ड, लाला लाजपत राय वार्ड, गोकलपुर वार्ड एवं नया वार्ड क्रं. 79 में मेंटेनेंस के नाम पर लगा-तार 6 से 8 घंटे अघोषित लाइट कटौती की जा रही है जिसके कारण छोटे-छोटे मध्यम व्यापार जैसे ऑनलाइन वर्क, फोटो कॉपी, लाइट वेल्डिंग, प्रभावित हो रहा है वहीं आइसक्रीम पार्लर, दूध डेयरी, बेकरी, मिठाईयां फ्रीजर बंद होने के कारण खराब हो रही है व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है वही भीषण गर्मी के चलते घरों में छोटे-छोटे बच्चे लाइट गोल होने से बीमार हो रहे हैं दूसरी ओर एम.पी.बी के ठेकेदार कमचारियों द्वारा जबरदस्ती नए मीटर लगाने उपभोक्ताओं से अभद्रता कर रहे है वहीं मीटर वाचक रीडिंग समय अवधि पर नहीं कर रहे है जिसके कारण उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार से मिलने वाली सब्सिडी के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। श्री यादव ने कहा विद्युत मेंटेनेंस लाइट कटौती समय सीमा अधिकतम 2 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए।उक्त मांगों को तीन दिवस में समाधान किया जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन, धरना प्रदर्शन करने वाध्य होगी जिसकी समस्त जवाबदारी विद्युत मंडल एवं जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान पूर्व प्रदेश महासचिव रामदास यादव, जगतमणि चतुर्वेदी, नेम सिंह ठाकुर, लक्ष्मण समुंद्रे, सुभाष पटेल, हुकुमचंद जैन, सोनू दुबे, ईश्वरी पटेल, आशु बत्स, जग्गू विश्वकर्मा, राजेश चौबे, राज चौधरी, रिंकू कुशवाहा, बंटी मारुति, कमलेश चौधरी, राजकुमार सोनी, मनोज कुशवाहा, सुनील सराठे, प्रशांत सोनी, बसंत बैन आदी कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अजाक्स संघ द्वारा रांझी थाने का किया गया घेराव

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा को जानकारी प्राप्त हुई कि नगर निगम संभाग क्र. 10, रांझी के अंतर्गत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सुपरवाईजर रिषी यादव ट्रिपर चालक व हेल्पर के साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा था। डोर टू डोर सुपरवाईजर रिषी यादव द्वारा रांझी स्थित रेखा चौधरी के घर पर कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा था उसी समय रेखा चौधरी एवं उनके पुत्र मृदुल चौधरी द्वारा डोर टू डोर सुपरवाईजर रिषी यादव, ट्रिपर चालक एवं हेल्पर के साथ गाली गलौच की गई साथ ही कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की गई। रेखा चौधरी एवं उनके पुत्र मृदुल चौधरी के द्वारा कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। रेखा चौधरी एवं उनके पुत्र मृदुल चौधरी के द्वारा कर्मचारियों के साथ किये गये इस कृत्य पर जब डोर टू डोर सुपरवाईजर रिषी यादव, ट्रिपर चालक एवं हेल्पर के द्वारा जब थाने में षिकायत की गई तो थाने में कर्मचारियों की षिकायत को दर्ज नहीं किया गया। जब यह बात अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा को पता चली तो अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा के द्वारा रांझी संभाग की समस्त डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की टीम को लेकर रांझी थाने का घेराव किया गया। अमित मेहरा के द्वारा कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों पर तत्काल एफ. आई. आर. करायी गई। आरोपियों पर रांझा थाने द्वारा बी.एन.एस. 2023 के तहत धारा 296, धारा 115(2), धारा 351(2), धारा 3(5) के तहत आपराधिक मामले दर्ज किये गये।

## सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो की ओपन सेल्स 5 मई से शुरू



**यह 16,999 जितनी कम कीमत पर होगा उपलब्ध**

मुबंई (आरएनएस) लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग के सब-ब्रांड सीएमएफ ने आज फ़्लिपकार्ट, फ़्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो के ओपन सेल की घोषणा की है, जो 5 मई दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। पहले दिन एक स्पेशल इंट्रोडक्टरी ऑफ़र के रूप में, फ़ोन 2 प्रो कम से कम 16,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) में उपलब्ध होगा। अपने सेगमेंट में सबसे बेहतरीन थ्री-कैमरा सिस्टम, शानदार ब्राइट डिस्प्ले और प्रीमियम डिज़ाइन के साथ सीएमएफ बाय नथिंग ने 28 अप्रैल, 2025 को फ़ोन 2 प्रो को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया। सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो एक बेहतरीन डेली स्मार्टफ़ोन है। नथिंग द्वारा डिज़ाइन किया गया अब तक का सबसे पतला और हल्का स्मार्टफ़ोन। 7.8 मिलीमीटर की मोटाई और मात्र 185 ग्राम वज़न के साथ, सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो लगभग भारहीन है - सीएमएफ फ़ोन 1 से 5त्न पतला। इसकी खूबसूरत बॉडी में है एल्युमिनियम कैमरा सराउंड - जो पहली पीढ़ी के डिज़ाइन से विकसित हुआ है। इसमें स्टेनलेस स्टील के स्क्रू हैं जो एक ऑथेंटिक नथिंग फ़ील देते हैं जो इसके पीछे की कला को उजागर करता है। साथ ही, आईपी 54 के साथ वॉटर ड्युरबिलिटी में वृद्धि हुई - सीएमएफ फोन 1 आईपी 52 था। सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो में उन्नत थ्री कैमरा सिस्टम है, जिसमें 50 एमपी का मुख्य कैमरा है, जो अपने सेगमेंट में सबसे बड़ा सेंसर है और सीएमएफ फ़ोन 1 की तुलना में 64त्न यादा रोशनी कैप्चर करता है। दूर के दृश्यों के लिए, सेगमेंट में पहला 50 एमपी टेलीफ़ोटो लेंस 2× ऑप्टिकल जूम और 20× तक अल्ट्रा जूम प्रदान करता है।

हैरिटेज स्पेशल टूर में पर्यटकों को रायगढ़ किला, पुणे ( लाल महल, कसबा गणपति और शिवसृष्टि ), शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर ( महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला ) दिखाए जाएंगे।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत के दर्शन कराएगी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेल पहली बार 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर हैरिटेज टूर का आयोजन करने जा रही है। इस टूर में मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर किया जाएगा। भारत गौरव ट्रेन अपनी यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (ष्टस्रूञ्ज) से करेगी, और कोंकण रेलवे नेटवर्क पर स्थित मनगांव रेलवे स्टेशन पहुंचेगी — जो रायगढ़ किले का सबसे नज़दीकी रेलवे स्टेशन है। रायगढ़ वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और बाद में उनकी राजधानी भी बना। रायगढ़ किला घूमने के बाद पर्यटक ट्रेन पर वापस आएंगे और पुणे के लिए रवाना होंगे, जहां रात के खाने और होटल में रात्रि विश्राम की व्यवस्था होगी।

यात्रा के दूसरे दिन पर्यटकों को पुणे के प्रमुख स्थलों - लाल महल, कसबा गणपति और शिवसृष्टि - दिखाए जाएंगे। लाल महल का निर्माण 1630 ई. में शाहजी भोंसले ने अपनी पत्नी जीजाबाई और पुत्र शिवाजी के लिए करवाया था। वर्तमान संरचना 1984 में पुनर्निर्मित हुई है और इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़ी तैल चित्रों की एक विशाल श्रृंखला लगी है। कसबा गणपति मंदिर, पुणे के ग्रामदेवता के रूप में प्रसिद्ध है जिसे 1893 में स्थापित किया गया। माना जाता है कि इस स्थान को छत्रपति शिवाजी की माता जीजाबाई द्वारा चुना गया था। इसके बाद से ही पुणे को भगवान गणेश का नगर कहा जाने लगा। पर्यटक यहां से शिवसृष्टी जाएंगे, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित भारत का सबसे बड़ा थीम पार्क है। यहां पर्यटक 3ष्ठ में शिवाजी के जीवन दर्शन और अन्य इंटरैक्टिव सेशंस का आनंद लेंगे।

पुणे में रात्रि विश्राम के बाद पर्यटक यात्रा के तीसरे दिन पुणे से लगभग 95 किलोमीटर दूर स्थित शिवनेरी किले की यात्रा करेंगे, जो जुन्नार सिटी के पास एक पहाड़ी पर स्थित है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मस्थान और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव का प्रतीक है। इसी दिन दोपहर के भोजन के बाद पर्यटक 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके बाद रात्रि विश्राम के लिए पर्यटक पुणे लौटेंगे।

%छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूर% के लिए बहुप्रतीक्षित ट्रेन यात्रा 09 जून 2025 को प्रस्थान करेगी। 5 रात और 6 दिन की इस यात्रा की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से होगी। अत्याधुनिक भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन, स्लीपर, सेकेंड एसी और थर्ड एसी कोच के साथ कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता रखती है। पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दादर और ठाणे रेलवे स्टेशनों से भी सवार हो सकते हैं।

